RNI. NO. RAJHIN/2021/82156
डाक पंजीयन संख्या : RJ/ALW/866/23-25

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

जज्बा सच दिखाने का

वर्ष -04 | अंक -179 | मुल्य: 2.00 रू. | अलवर, शुक्रवार 13 सितम्बर, 2024 | प्रभात संस्करण | कुल पेज- 12

WWW.Voiceofpratigya.com | Twitter.com/Voiceofpratigya | facebook.com/Voiceofpratigya | YouTube.com/Voiceofpratigya | Instagram: Instagram.com/Voiceofpratigya | 9414508610 | pratigya.alwar@gmail.com

### बुलडोजर एक्शन से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# देश कानून से चलता है, पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

किसी अपराध में आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अख्तियार किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां देश कानून से चलता है, वहां परिवार के किसी सदस्य द्वारा कानून का उल्लंघन करने पर अन्य सदस्यों के विरुद्ध या उनके कानूनी ढंग से बनाए गए घर पर कार्रवाई नहीं हो सकती। ये टिप्पणी जस्टिस हृषिकेश राय, सुधांशु धूलिया और एसवीएन भट्टी की पीठ ने गुजरात के एक मामले में दिए अंतरिम आदेश में गुरुवार की।

## गुजरात सरकार को नोटिस जारी

कोर्ट ने परिवार के एक सदस्य के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज होने पर साझे का पारिवारिक घर ढहाए जाने की आशंका जताने वाली याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी करते हुए संपत्ती पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। दस दिन में यह दूसरा मौका है जब शीर्ष अदालत ने किसी आरोपित के घर बुलडोजर चलाने को लेकर ऐसी टिप्पणी की है।





## बुलडोजर कार्रवाई के आरोप

उत्तर प्रदेश का रुख इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि उसी पर सबसे ज्यादा बुलडोजर कार्रवाई के आरोप लगते हैं।गुरुवार को कोर्ट के सामने गुजरात में खेड़ा जिले के कठलाल गांव का मामला था जिसमें याचिकाकर्ता जावेद अली महबूब मियां सैयद ने पारिवारिक घर को ध्वस्तीकरण से बचाने की मांग की है।

## घर को गिराने की धमकी

याचिकाकर्ता के वकील इकबाल सैयद ने कहा कि उनके घर का निर्माण कानून के मुताबिक हुआ है और पिछले करीब दो दशक से उनके परिवार की तीन पीढ़ियां उसमें रह रही हैं। एक सितंबर को परिवार के एक सदस्य के विरुद्ध एफआइआर दर्ज हुई है जिसके बाद से म्युनिसपल अथॉरिटी घर को गिराने की धमकी दे रही है।

## आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की शिकायतें

दो सितंबर को भी कोर्ट ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई के दौरान ऐसी टिप्पणी की थी। उस याचिका में देश के विभिन्न हिस्सों में आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की शिकायतें की गई हैं। जिस पर जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा था कि वह इस संबंध में पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे।

## घर पर बुलडोजर चलाने का आधार नहीं

कोर्ट ने सभी पक्षों को इस संबंध में सुझाव देने को कहा था। उस मामले में 17 सितंबर को सुनवाई होगी। हालांकि जमीयत की याचिका में पक्षकार उत्तर प्रदेश सरकार ने हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट किया था कि किसी अपराध में सिर्फ आरोपित होना घर पर बुलडोजर चलाने का आधार नहीं हो सकता। सिर्फ म्यूनिसिपल कानून के तहत कानूनी प्रक्रिया से अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। तब कोर्ट ने इस बात की सराहना की थी।

## कोर्ट ने दिशा-निर्देश देने की बात कही

वकील ने कहा कि उनके कानूनी ढंग से निर्मित घर को नहीं ढहाया जा सकता। इस संबंध में उन्होंने कोर्ट के दो सितंबर के आदेश का हवाला दिया जिसमें इसी तरह आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की आशंकाओं को उठाया गया था और कोर्ट ने दिशा-निर्देश देने की बात कही थी।

### 2,500 करोड़ की योजना मंजूर

## अब चीन और पाकिस्तान की पनडुब्बियों की खैर नहीं, मानवरहित पोत बनाएगा भारत



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

मानवरहित युद्ध के बढ़ते चलन के बीच रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना की मानवरहित जलमग्न पोतों (अंडरवाटर वेसल) के निर्माण की 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय में हाल में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 100 टन के इन पोतों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सामान्य से अधिक बड़े पोतों की श्रेणी के ये पोत दुश्मन की पनडुब्बियों और पानी की सतह पर मौजूद जहाजों पर हमला करने की क्षमता से लैस होंगे। नौसेना के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे से जब इनकी क्षमता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये पोत नौसेना को पानी के अंदर विशेष क्षमता प्रदान करेंगे। इससे नौसेना को कई अभियानों में मदद मिलेगी। इन कामों में इस्तेमाल करेगी नौसेना सूत्रों ने बताया कि नौसेना ने इन पोतों का उपयोग कई कार्यों के लिए करने की योजना बनाई है जिनमें बारूदी सुरंगें बिछाना, बारूदी सुरंगें हटाना, निगरानी करना और हथियारों को दागना शामिल है। नौसेना अगले कुछ महीनों में इस परियोजना के लिए निविदा जारी करेगी और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारतीय शिपयार्ड इसके लिए बोली लगाएंगे। नौसेना ऐसे पोत चाहेगी जो तट से काफी दूरी पर बहुत लंबे समय तक पानी के नीचे रह सकें ताकि संदिग्ध जहाजों की आवाजाही और अन्य गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। उल्लेखनीय है कि नौसेना मानवरहित ऐसे जहाजों पर भी काम कर रही है, जिनका उपयोग दुनियाभर में चल रहे संघर्षों में बड़े जहाजों और परिसंपत्तियों को नष्ट करने के लिए किया गया है। नौसेना ने भविष्य के लिए ड्रोनों के अलावा एमक्यू-9बी और दृष्टि हर्मीस 900 जैसे ड्रोनों को शामिल करके अपनी मानवरहित लंबी दूरी की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केसः सीएम ममता बनर्जी ने माफी मांगी, इस्तीफा देने को तैयार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर केस के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ममता सरकार ने तीसरी बार जूनियर डॉक्टरों को बातचीत के लिए चिट्ठी लिखी है। सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को मिलने के लिए बुलाया। सीएम राज्य सचिवालय नबान्नो में 2 घंटे तक इंतजार करती रहीं। लेकिन हड़ताल कर रहे डॉक्टर बाहर एक मांग को लेकर अड़े रहे। डॉक्टरों की मांग है कि सीएम से मुलाकात और बातचीत का लाइव टेलीकास्ट किया जाए। इसके बाद सीएम ममता बनर्जी का बयान सामने आया है।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि "मैंने डॉक्टरों से बात करने की पूरी कोशिश की। तीन दिनों तक उनसे मिलने का इंतजार किया। आज नबान्नो में 2 घंटे तक उनका इंतजार करने पर भी वो मिलने नहीं आए। मैं इस्तीफा देने को भी तैयार हूं। सीएम ने कहा, "पहले हमने लाइव टेलीकास्ट की परमिशन दी थी। लेकिन अब मामला सुप्रीम कोर्ट और सीबीआई में है। लिहाजा इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। वहीं, डॉक्टरों ने कहा कि अगर मीटिंग का लाइव-टेलीकास्ट नहीं किया गया, तो वो मीटिंग में शामिल नहीं होंगे।

### बंगाल की जनता से मांगती हूं माफीः ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर का मामला कोर्ट में है। इसलिए हम मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की इजाजत नहीं दे सकते थे। हमने इस बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की तैयारी की थी। अगर



डॉक्टर्स चाहते, तो हम सुप्रीम कोर्ट की इजाजत लेकर उनसे यह रिकॉर्डिंग शेयर कर देते। लेकिन वो अपनी बात पर अड़े हुए हैं। मैं बंगाल की जनता से माफी मांगती हूं। मैं डॉक्टरों को वापस नहीं बुला सकी। मुझे सीएम पद से कोई मोह नहीं है। बंगाल के चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को गुरुवार शाम 5 बजे राज्य सचिवालय में मुलाकात के लिए बुलाया था। डॉक्टर्स 5:25 बजे यहां पहुंचे। सरकार ने मुलाकात के लिए 15 डॉक्टरों के डेलीगेशन को मंजूरी दी थी. हालांकि, डेलीगेशन में 30 सदस्य थे. डॉक्टर्स मीटिंग का लाइव टेलीकास्ट कराने की मांग पर अड़े हैं। लिहाजा अब तक मीटिंग शुरू नहीं हो पाई है। पिछले 3 दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों के साथ बातचीत की यह तीसरी पहल है। डॉक्टर्स ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। डॉक्टरों ने सीएम से बातचीत के लिए 4 शर्तें रखी हैं। मीटिंग में जूनियर डॉक्टरों का 30 डेलीगेशन को शामिल करने की इजाजत मिले। मीटिंग नबन्नो में हो. ट्रांसपिरेंसी के लिए मीटिंग की लाइव टेलीकास्ट की जाए। मीटिंग का पूरा फोकस जूनियर डॉक्टर्स की 5 मांगों पर हो. मीटिंग में सीएम ममता बनर्जी जरूर शामिल हों।

### शिमला मस्जिद विवाद

## हिंदू संगठनों पर लाठी चार्ज से बाजार बंद; व्यापारियों ने डीसी ऑफिस के बाहर पढ़ी हनुमान चालीसा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा शिमला**

बुधवार को संजौली में हजारों की संख्या में हिंदू संगठनों से जुड़े प्रदर्शनकारी धारा-163 उल्लंघन करते हुए संजौली में प्रदर्शन कर रहे थे। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए शिमला पुलिस ने लाठी चार्ज किया। कई प्रदर्शनकारी इस लाठी चार्ज के दौरान गंभीर रूप से घायल भी हुए। कई पुलिस के जवानों को भी चोट आई। इसी के विरोध में शिमला के व्यापारियों ने सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखा। राजधानी शिमला ही नहीं बल्कि उपनगरों के बाजार भी पूरी तरह से बंद रहे। आम लोगों को खरीददारी करने के लिए एक बजे तक बाजारों को खुलने का इंतजार करना पड़ा। कारोबारियों ने शिमला पुलिस की प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विरोध किया।



### व्यापार मंडल ने निकाली रैली

शिमला व्यापार मंडल ने शेरे पंजाब चौक से सीटीओ चौक तक विरोध मार्च भी निकाला। इस दौरान व्यापारियों ने राज्य सरकार और शिमला जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके अलावा यहां शिमला पुलिस अधीक्षक और शिमला पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। इस दौरान कारोबारियों ने जिला के पुलिस अधीक्षक को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदू सामाज के लोगों पर जानबूझकर लाठियां बरसाई है। इसे शहर के कारोबारी किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

### निहत्थे हिंदू प्रदर्शन कारियों

शिमला व्यापार मंडल के सदस्य संजीव ठाकुर ने कहा कि बुधवार को निहत्थे हिंदू प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठियां चलाई। इसमें कई लोग घायल हुए हैं। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। संजीव ठाकुर ने कहा कि स्थानीय व्यापारी शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी की बर्खास्तगी चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने संजौली में अवैध मस्जिद में हुए निर्माण पर भी जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग उठाई है। संजीव ठाकुर ने कहा कि अभी तो यह प्रदर्शन सिर्फ शिमला में ही देखने के लिए मिल रहा है लेकिन आने वाले वक्त में यह प्रदर्शन राज्यव्यापी भी हो सकता है।

## कामरेड सीताराम येचुरी का निधन




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**

सीपीएम के महासचिव और लेफ्ट फ्रंट के जाने-माने नेता सीताराम येचुरी नहीं रहे। वो लंबे समय से एम्स में एडमिट थे। उन्हें सांसों का इन्फेक्शन था। आखिरी दौर में वेंटिलेटर पर भी रहे। लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका जाना वाम राजनीति में एक बड़ा शून्य पैदा करने वाला है। भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी क्षति है। 72 साल के सीताराम येचुरी अंततः एम्स में सांसों की लड़ाई हार गए। उनके ठीक पहले बुद्धदेब भट्टाचार्य जा चुके थे। यानी अपने सबसे गहरे संकट के दिनों में भारत का मार्क्सवादी आंदोलन अपने दो सबसे महत्वपूर्ण लोगों को खो चुका है। सीपीएम के दायरे से बाहर जाएं तो सीपीआई के अतुल अंजान भी इन्हीं दिनों चल बसे। एक्स पर सीताराम येचुरी की टाइमलाइन देखें तो आखिरी पोस्ट एजी नूरानी की मौत पर है। सीताराम येचुरी ने भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का उभार भी देखा, उसकी ढलान भी देखी। सत्तर के दशक में सेंट स्टीफ़ेंस कॉलेज और जेएनयू में पढ़ाई करते हुए वो एसएफआई से जुड़े थे और इमरजेंसी के दौरान जेल भी गए। अस्सी के दशक में सीपीएम की केंद्रीय राजनीति का हिस्सा बने और फिर लगातार कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गए।

# दुनिया के विकट हालात में भारत का लक्ष्य एक दूसरे का हाथ पकड़कर साथ चलना हैः राजनाथ सिंह

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जोधपुर**

भारतीय वायु सेना के अब तक के सबसे बड़े अभ्यास 'तरंग शक्ति' में शामिल होने के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा. उन्होंने कहा कि रडार, आदि क्षेत्र में भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है.

### भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है

रक्षा मंत्री ने कहा "भारतीय वायुसेना अपनी स्थापना के समय से ही अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती है। देश को जब भी ज़रूरत पड़ी तो वायुसेना ने डटकर सामना किया. आपके अभ्यास को देखते हुए मुझे गौरव की अनुभूति होती है'.आज के वक्त में जहां कई देश युद्ध कर रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है.ऐसे में हमें अपनी साझेदारी, सहयोग का दायरा बढ़ाना होगा'

### हम एक दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलें

रक्षा मंत्री ने यहां वायु सेना के युद्ध अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दौरान अपने संबोधन में कहा, ''आज के समय में जब दुनिया में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है. कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं. इन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम एक दूसरे का हाथ पकड़कर एक साथ चलें.'' राजनाथ ने कहा, ''पूरी दुनिया में जिस तरह से बदलाव हो रहे हैं और जिस तरह से पूरी दुनिया के समक्ष नई-नई चुनौतियां आ रही हैं, उसे देखते हुए हमें अपनी भागीदारी व सहयोग को नई ऊंचाई तक ले जाने की जरूरत है.'' उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया भर के श्रेष्ठ और आधुनिक विमानों तथा अगली पीढ़ी के उपकरणों के साथ, भारतीय वायुसेना ने खुद का रूपांतरण किया है.



### हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार में भारत आत्मनिर्भर

सिंह ने कहा, ''हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है. आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं, और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं.'' गौरतलब है यह युद्धाभ्यास भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यासों में से एक है. यहां एयरफोर्स, 'भारत रक्षा विमानन प्रदर्शनी (आईडीएएक्स)-2024' की भी मेजबानी करेगा. इस प्रदर्शनी का उद्घाटन आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किया.

### रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी आर्म्स फोर्स नंबर एक मानी जाती है

तरंग शक्ति के तहत साहसिक करतबों को देखकर रक्षा मंत्री गदगद नजर आए। उन्होंने कहा कि तरंग शक्ति के माध्यम से हम काफी आगे बढ़ रहे हैं। आज हम न केवल दुनिया के सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, बल्कि हमारी आर्म्स फोर्स दुनिया की सबसे ताकतवर आर्म्स फोर्स में एक नंबर मानी जाती है। उन्होंने कहा कि शक्ति को हम पावर और फोर्स के रूप में नहीं देखते हैं, बल्कि हमारे लिए शक्ति का अर्थ साक्षात जगदम्बा होती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुबह 11 बजे शुरू हुए एयर शो में प्रचंड, सूर्य किरणं और सारंग जैसे फाइटर जेट और हेलीकॉप्टरों के करतब देखें।

### वायु सेना ने देश का हमेशा मस्तक ऊंचा किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्बोधन में वायु सेना की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब भी देश को वायुसेना की जरूरत पड़ी है, तब वायु सेना ने अपने युद्ध कौशल से देश का मस्तक हमेशा ऊंचा किया है। वायुसेना ने हर स्थिति का डटकर मुकाबला कर खुद को श्रेष्ठ साबित किया है। उन्होंने कहा कि जब भी देश को वायु सेवा की जरूरत होगी, मुझे विश्वास है कि वायु सेना हमारी उम्मीदों से बढ़कर अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना से ही अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती है।

### सूर्य किरण की टीम ने आसमान में बनाया तिरंगा

इस एयर शो में रक्षा मंत्री के समक्ष सूर्य किरण की टीम ने जेट के जरिए आकाश में अलग-अलग फॉर्मेशन के तहत तिरंगा बनाया। इस दौरान आकाश में तिरंगा की छटा को देखकर एयर शो में मौजूद लोग आश्चर्य चकित हो गए। इसी तरह तेजस विमान ने पहले वर्टिकल चार्ली फॉर्मेशन बनाया। इसके बाद विक्ट्री फॉर्मेशन और फिर डीएनए फॉर्मेशन बनाकर हैरत अंगेज करतब दिखाएं। इसी तरह तीन सारंग हेलीकॉप्टर ने डॉल्फिन फॉरमेशन बनाए। कार्यक्रम में प्रचंड हेलीकॉप्टर ने शानदार तरीके से एंट्री मारी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयर शो के बाद 'डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी उद्घाटन किया। यह एक्सपो 14 सितंबर तक चलेगा। इसमें स्वदेशी हथियारों सहित नई टेक्नोलॉजी से बने उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद राजनाथ सिंह उम्मेद पैलेस चले गए। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे। इससे पहले एयर शो कार्यक्रम में अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर और यूएई एयरफोर्स चीफ भी शामिल हुए।

## जलझुलनी एकादशी के अवसर जिले में 14 सितम्बर को आयोजित होगा राजस्थान जल महोत्सव

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि जलझुलनी एकादशी के अवसर पर राजस्थान की जनता के हर्ष एवं उल्लास में शामिल होने के लिए 14 सितम्बर को राज्य के पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर राजस्थान जल महोत्सव 2024 कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसके परिप्रेक्ष्य में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण रूप से भरे हुए तालाब, जलाशयों, बांधों पर 14 सितम्बर को जल महोत्सव 2024 कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## कलश यात्रा के साथ आज होगा श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा राजगढ़**

कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित शीतला माता मंदिर परिसर श्री राम दरबार में आज से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। शुक्रवार को प्रातः 8:15 पर बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंचेगी। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 13 सितंबर से 20 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक होगी। जिसमें आचार्य सुरेन्द्र कुमार शास्त्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। 20 सितंबर को हवन पूजन के साथ भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## माचाड़ी कस्बे में रखरखाव के कारण बिजली रहेगी आज बंद

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा माचाड़ी**

कस्बे में 33/11 केवी विद्युत सब ग्रिड स्टेशन पर विद्युत रखरखाव को लेकर विद्युत तहसील मरम्मत के लिए आज माचाड़ी जीएसएस का मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शटडाउन रहेगा। जिसके चलते माचाड़ी विद्युत सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी सभी फीडरो की सप्लाई सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 तक बंद रहेगी। यह जानकारी कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीणा द्वारा दी गई।

## संस्थान व विद्यार्थी लेवल पर आवेदनों को अप्रूव कर 15 सितम्बर तक भिजवाए

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति वर्ग में सत्र 2022-23 व सत्र 2023-24 के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षण संस्थान व विद्यार्थी लेवल पर अपेक्षित या लंबित आवेदन पत्रों को 15 सितम्बर 2024 तक नियमानुसार अप्रूव /रिजेक्ट कर उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय को भिजवाए जिससे पात्र लाभार्थियों को छात्रावृति राशि का लाभ दिया जा सके। विभाग को अग्रेषित नहीं करने या लंबित रहने के कारण आवेदन विभाग द्वारा रिजेक्ट किए जाने के कारण भुगतान से वंचित रहने पर यदि किसी विद्यार्थी द्वारा न्यायालय में वाद प्रस्तुत किये जाने पर किसी तरह की आर्थिक देयता का निर्धारण किया जाता है तो संबंधित संस्थान ही उत्तरदायी होगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 15 सितंबर को होगा आयोजित

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

श्री कृष्णा यादव सेवा समिति अलवर द्वारा सातवां प्रतिभावान सम्मान समारोह व द्वितीय रक्तदान शिविर दिनांक 15 सितंबर 2024 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से समिति मुख्यालय ग्राम अहिर का तिबारा, तहसील मालाखेड़ा, जिला अलवर पर अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं डॉक्टर करण सिंह यादव पूर्व सांसद अलवर की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अतिविशिष्ठ अतिथी तिजारा विधायक महंत बाबा बालक नाथ, बहरोड़ विधायक डॉक्टर जसवंत यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव, शाहपुरा विधायक मनीष यादव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव बलराम यादव होंगे। समारोह के लिए 380 प्रतिभाओं का पंजीकरण किया गया है। कार्यक्रम में रोटरी ब्लड बैंक अलवर की टीम द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जायेगा ।

## संजू शर्मा ने एडीएम प्रथम का पदभार किया ग्रहण



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

राजस्थान प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी संजू शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशन में विभागीय समन्वय स्थापित कराकर जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों व विकास कार्यों का बेहतर तरीके से क्रियान्वन कराया जाएगा।

## मेदांता से लौटे विधायक जुबेर की तबीयत बिगड़ी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा रामगढ़**

मेदांता अस्पताल में इलाज के बाद घर लौटे रामगढ़ विधायक जुबेर खान की तबीयत गुरुवार को बिगड़ गई। उनके करीबी अनूप शर्मा ने बताया कि विधायक जुबेर खान का लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। पहले चुनाव और उसके बाद विधानसभा सत्र में भी वह ?सक्रिय बने रहे। इसके चलते तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके चलते कुछ दिन पहले मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किए गए थे। जहां से उन्हें जयपुर लाया गया। मंगलवार रात तबीयत स्थिर होने पर वह अलवर स्थित निवास पर आ गए। गुरुवार को करीबी लोग उनकी कुशलक्षेम पूछने निवास पहुंचे।

# मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

### नवीन तहसील भवन की जांच करवा कर बिना एनओसी बनाए जा रहे भवन कार्य को अभिलंब रूकवाये जाने के क्रम में

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लक्ष्मणगढ़**



कस्बे के मालाखेड़ा रोड बांध की पाल के पास राज्य सरकार के द्वारा नवीन तहसील भवन का कार्य निर्माणधीन है। पूर्व में कांग्रेस सरकार के क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा द्वारा 9 अक्टूबर 2023 को तहसील भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए विधायक का ग्रामीणों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया गया था। कस्बे वासियों के विरोध प्रकट के दौरान विरोधाभास उत्पन्न हो गया था?। और हालात धक्का मुक्की और मारपीट जैसे उत्पन्न हो गए थे। जिसमें पुलिस के हस्तक्षेप से विरोध कर रहे ग्रामीणों को गिरफ्तार किया गया ।और उसी समय से तहसील भवन का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अधिकारी संजय खत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के बगैर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए ही बांध भराव क्षेत्र में तहसील भवन बनाया जा रहा हैं। नवीन भवन पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। यह कांग्रेस सरकार के तत्कालीन विधायक जोहरी लाल मीणा की कारगुजारी एवं भू माफियाओं से साठ - गांठ के चलते हुए आनंन फाननं में उक्त भवन की स्वीकृति जारी की गई थी ।जो कि बांध भराव क्षेत्र की परिधि के अंदर आता है। एवं बांध भराव क्षेत्र की परिधि में आने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग कठूमर को यह आदेशित किया गया कि इस नवीन तहसील भवन के कार्य पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जावे और बिना आदेशों के एवं बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के निर्माण कार्य नहीं करवाया जावे। इस आदेश के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कठूमर सुरेश चंद्र के द्वारा तहसीलदार ममता कुमारी को यह आदेश दिए गए हैं ।जो बांध भराव क्षेत्र के परिधि के अंदर तहसील भवन का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में यह कार्य पर रोक लगाते हुए कार्य बगैर विभागीय अनापत्ति प्राप्त किए। नवीन तहसील भवन निर्माण नहीं करने के लिए पत्र में हवाला दिया गया है। विभागीय रोक होने के बाद भी कार्य निरंतर निर्माण जारी है।

तहसील भवन के निर्माण कार्य पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाने एवं उक्त बांध की पाल के पास बनी हुई सरकारी भवनों की भी जांच करवाई जावे एवं उन पर भी प्रतिबंध लगाया जाए तहसील प्रकरण की जांच करवाए जाने एवं कार्यकारी एजेंसी का भुगतान नहीं किए जाने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को आदेशित किया जावे।

ज्ञापन के दौरान जितेंद्र कुमार शर्मा पूर्व सरपंच बलराज गुप्ता वीरेंद्र कोठारी कैलाश चंद्र बजाज रमेश चंद्र घनश्याम सोनी मुकेश कुमार साहू महेश चौधरी लोकेश शर्मा आशीष सुन्नी अटोलिया मनीष जैन आदि मौजूद थे।

## पहली बार देश के 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट अलवर में होंगे एक मंच पर



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस एवं लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में अलवर में पहली बार देश के 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट एक मंच पर नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के माध्यम से जुड़ेंगे। यह जानकारी एक निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने दी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने बताया कि आगामी 14 सितंबर को लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी चिकानी,अलवर एवं 15 सितंबर को ईएसआई मेडिकल कॉलेज सभागार में नेशनल फिजियोकोन 2024 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश से इस फिजियोकोन में सम्मिलित होने वाले फिजियोथैरेपिस्ट वर्तमान में फिजियो की आवश्यकता और भविष्य में आवश्यकता पड़ने वाली भौतिक चिकित्सकीय सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शोध पत्र भी पढ़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को फिजियोथैरेपी की वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में तथा 15 सितंबर को फिजियोकोन 2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के संरक्षक डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि फिजियोकोन 2024 सेहत साथी फाउंडेशन,राजस्थान फिजियोथैरेपी क्लिनिशियन एसोसिएशन ( RPCA ) एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजन किया जाएगा। संगठन के सचिव डॉ संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, अति विशिष्ट अतिथि शहर विधायक एवं राज्य मंत्री संजय शर्मा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सुभाष गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि आरयूएचएस डीन फिजियोथैरेपी विभाग डॉ सुनीता शर्मा,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान एवम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा होंगे। प्रेस वार्ता में डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ सतीश शर्मा, डॉ संदीप सैनी,डॉ अनुराधा गोयल, डॉ हरबंश माथुर,डॉ पीयूष शर्मा, डॉ राहुल बावलिया उपस्थित रहे।

## वेतन विसंगति समिति की सिफारिशों को सार्वजनिक करने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारियों का 20 सितंबर को ज्ञापन दिवस व आन्दोलन की चेतावनी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

राज्य सरकार द्वारा गठित कर्मचारियों की वेतन विसंगति परीक्षण समिति की शेष सिफारिशों को शीघ्र सार्वजनिक करने सहित अन्य लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर राज्य कर्मचारी 20 सितंबर 2024 को सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिवस मनाते हुए जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने एक बयान में दी।

राठौड़ ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की थी कि गत सरकार द्वारा गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की वेतन सुधार/ वेतन विसंगति संबंधी शेष सभी सिफारिश को 1 सितंबर 2024 से लागू कर दिया जाएगा। लेकिन घोषणा के बाद से आज तक राज्य सरकार ने वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया है। इससे प्रदेश के राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर 2024 को प्रदेश के राज्य कर्मचारी अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में सभी जिला मुख्यालय पर ज्ञापन दिवस मनायेंगे और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। और उनसे घोषणा के मुताबिक वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट को शीघ्र सार्वजनिक करने की मांग की जाएगी। राठौड़ ने कहा कि ज्ञापन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से बिना धरने- प्रदर्शन के आयोजित किया जाएगा। इसके बाद भी यदि सरकार ने समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया तो राज्य व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

एक अन्य बयान में अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम मीणा ने बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए 3 नवंबर 2017 को डी. सी. सामंत, सेवानिवृत आईएएस की अध्यक्षता में वेतन विसंगति निवारण समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट सामंत कमेटी ने 5 अगस्त 2019 को राज्य सरकार को सौंप दी थी । लेकिन सरकार ने इस कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के बजाय वेतन विसंगतियां के निराकरण के लिए 5 अगस्त 2021 को एक और कमेटी खेमराज चौधरी, सेवानिवृत आईएएस की अध्यक्षता में कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति के नाम से गठित कर दी। इस कमेटी की रिपोर्ट भी 30 दिसंबर 2022 को राज्य सरकार को प्राप्त हो चुकी है। यह दोनों ही रिपोर्ट वर्तमान में राज्य सरकार में परीक्षणाधीन है। मीणा ने बताया कि राज्य सरकार ने इससे पहले भी वेतन विसंगतियां के निराकरण के लिए कई कमेटियां बनाई हैं । लेकिन उनकी रिपोर्टों को कभी सार्वजनिक नहीं किया। जिला मुख्यालय अलवर में भी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर यह ज्ञापन जिला कलेक्टर अलवर को दिया जाएगा।

## विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा राजगढ़**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के द्वारा विधिक सेवा दिवस 2024 के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डाबला मीना में हुआ। कार्यक्रम संयोजक अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीणा ने बताया कि क्रीडा प्रतियोगिता में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लंबी कूद, बैडमिंटन, शॉट पुट शतरंज, कैरम, चित्रकला व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग व चित्रकला में पवन कुमार मीना प्रथम तथा गौरव बैरवा द्वितीय स्थान पर रहे। शतरंज प्रतियोगिता में हेमंत कुमार यादव प्रथम, नैतिक बैरवा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर बगेश यादव रहे। बैडमिंटन में पुनीत मीना प्रथम तथा आशीष वैष्णव द्वितीय स्थान पर रहे। शॉट पुट में आशीष वैष्णव प्रथम स्थान पर रहे। लम्बी कूद में पुनीत मीना प्रथम तथा आशीष वैष्णव द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान संदर्भ व्यक्ति पिंटू शर्मा, लखन लाल गुर्जर, चुन्नी लाल मीना, मनोज गौतम, बीना सैनी, शिवदयाल सैनी सहित अनेक संदर्भ शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइड के निष्क्रिय ग्रुपों का निरीक्षण कर सक्रिय करने के दिए निर्देश



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा राजगढ़**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय अलवर के सीओ गाइड कल्पना शर्मा एवं एएलटी दिनेश चंद्र द्वारा गुरुवार को राजगढ़ व रैणी में स्थानीय स्काउट गाइड संघ का दौरा कर निष्क्रिय ग्रुप को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। राजगढ़ स्थानीय स्काउट गाइड संघ के सचिव रामप्रताप शर्मा ने बताया कि स्काउट गाइड के निष्क्रिय ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी, माचाड़ी, रैणी तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़, माचाड़ी एवं रैणी सहित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 3 राजगढ़, आंधवाड़ी एवं नयागांव माचाड़ी का दौरा कर इन ग्रुपों को सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं संघ के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रैणी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी में पौधारोपण किया गया। इस दौरान रैणी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला कमिश्नर स्काउट राजेंद्र कुमार मीना का स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं राज्य मुख्यालय की नीति अनुसार दिनेश चंद्र शर्मा एवं बनवारी लाल बलाई से मुलाकात कर रैणी ब्लॉक में स्थानीय संघ मुख्यालय खोलने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## भाजपा सदस्यता अभियान की तहत विवेकानंद मण्डल मे बनाये सदस्य

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**




भारतीय जनता पार्टी अलवर दक्षिण के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व मे सदस्यता अभियान के तहत विवेकानंद मंडल मे अभियान के तहत मिस कॉल से सदस्य बनाये गए। कार्यक्रम संयोजक भाविक जोशी ने बताया इस अवसर पर मुख्यातिथि जिला प्रभारी सदस्यता अभियान नरेन्द्र शेखावत थे अध्यक्षता मनोज चौहान ने की! इस अवसर पर सदस्यता अभियान के जिला संयोजक हरिशंकर खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष हरीश यादव जिला प्रवक्ता व संयुक्त मोर्चा प्रभारी जितेंद्र गोयल,जिला भाजपा मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता,जिला मंत्री अभिराम दीक्षित ललित पंवार अमित जोगी, गर्व चौधरी, रोहित शर्मा विजेंदर कुमार, गौरव शर्मा मनीष यदुवंशी आदि उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता और प्रभारी राजेंद्र शेखवात ने नवनियुक्त सदस्यों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया!

## विधिक जागरूकता शिविर में राजस्थान पीड़ित मुआवजा योजना 2011 के बारे में दी जानकारी



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोविंदगढ़**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार पंचायत समिति गोविंदगढ़ कि भारतीयम विज्ञान उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में राजस्थान पीड़ित मुआवजा योजना 2011 पर कानूनी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि साथ ही बच्चों को बताया कि अनुच्छेद 14 के भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के सामान संरक्षण से वंचित नहीं किया जायेगा। अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जायेगा,अन्यथा नहीं। अनुच्छेद 21 (.) के अनुसार राज्य, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है। इस दौरान प्रधानाध्यापक रजत गेरा, पीएलवी अनिल कुमार, स्कूल स्टाफ,बच्चे आदि उपस्थित रहे।

# छोटे शहर में भी बढ़ाई जाए आवासीय योजनाएँ, प्रत्येक आवास का निर्माण अपना घर समझ कर करें- आवासन आयुक्त

## आवासों का विक्रय अविलम्ब सुनिष्चित करें,भूमि चिन्हित कर आवासीय योजनाओं के प्रस्ताव बनाए

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर




राजस्थान आवासन मंडल की सभी अधिशेष व्यावसायिक एवं आवासीय परिसम्पत्तियों का नियमानुसार जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। ताकि राज्य सरकार की आमजन को अपना आवास देने का संकल्प साकार हो सके। ये कहना है आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा का। उन्होंने मंडल की प्रगतिधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियंता पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आवासों का निर्माण करें। वे निर्मित आवासों के विक्रय का लक्ष्य अविलम्ब प्राप्त कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराएं। डा शर्मा ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिये की वे समय-समय पर निर्माणाधीन योजनाओं का औचक निरीक्षण करें साथ ही सैंपलिंग भी समय समय पर होती रहे। उल्लेखनीय है की हाल ही में डा रश्मि ने जयपुर स्तिथ आवासन मण्डल की संपत्तियों का औचक निरीक्षण किया था जहाँ उन्होंने खुद के समक्ष सैंपल्स की जाँच लैब में करवाई थी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि मंडल प्रदेश के सभी अंचलों में आमजन को आवास देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने मंडल की योजनाओं के लिए जमीनों को तय समय पर अवाप्त करने एवं आवासों की नीलामी भी तय समय पर करने के निर्देश दिए। ताकि मण्डल की आवासीय योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा आमजन को मिल सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थागत संपत्तियों का चिह्नीकरण किया जाए, जहां आवंटन पश्चात् तय समय सीमा के अंदर निर्माण नहीं हुआ है, ऐसी संपत्तियों का निरस्तीकरण तत्काल प्रभाव से किया जाए। आवासन आयुक्त ने खाली मकानों के शीघ्र ऑक्शन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन भी सुनिश्चित करें।






## चिंतन

# सहयोग व बंधुत्व से ही विश्व में शांति संभव

जब दुनिया विकट हालात से गुजर रही है, उसमें भारत का संदेश देना कि विश्व में एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलने की आवश्यकता है, एकदम मौजूं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सहयोगी देशों से अपनी भागीदारी और सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। 'आज के समय में जब दुनिया में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है...कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं...इन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम युद्ध का रास्ता छोड़कर शांति के मार्ग पर चलें। विश्व कल्याण के लिए मानवता, शांति, बंधुत्व व विकास जैसे मूल्यों को आगे बढ़ाना वक्त की जरूरत है। भारत का विश्व को शांति व अहिंसा का सबसे बड़ा संदेश है। भारत ने इसे करके दिखाया है, और आज भी अपने इन मूल्यों पर कायम है। दुनिया, गरीबी, बीमारी, सामाजिक व आर्थिक असमानता, हिंसा, संघर्ष व युद्ध से जूझ रही है। करीब तीन अरब लोग बेहाल व बदहाल जिंदगी जी रहे हैं, ऐसे में अगर विश्व में कुछेक देश अपने वर्चस्व के लिए डर, उन्माद, हिंसा व युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं, तो निश्चित ही विश्व का कल्याण नहीं हो सकता है। रूस और यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, इसके अंत की उम्मीद नजदीक में नहीं दिख रही है। इजराइल अपने अस्तित्व व प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आतंकी गुट हमास से जंग लड़ रहा है। चीन अपनी विस्तारवाद व बादशाहत की सनक में अधिकांश पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद को जन्म दे रहा है, ताइवान को डरा रहा है। अमेरिका की शांति नीति अफगानिस्तान में फेल हुई, आज अफगानिस्तान पर आतंकी गुट तालिबान का शासन है, यह सब अमेरिका की परस्ती में हुआ। सूडान, पूर्वी तिमोर गृहयुद्ध में तबाह हो रहे हैं। अफ्रीका के अनेक देश भीषण गरीबी व भुखमरी से जूझ रहे हैं। अमेरिका व यूरोप के आर्थिक हालात भी पहले की तरह उम्मीद नहीं दिखा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रही दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है। विश्व में कहीं अत्यधिक ठंड तो कहीं अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इससे भी मानव जीवन संकट का सामना कर रहा है। मानवता का लक्ष्य विनाश तो कतई नहीं है। विश्व ने सभ्यता के विकास के साथ अंधाधुंध युद्ध झेला है, वर्चस्व के लिए अनगिनत हिंसा देखी है, अनेकानेक शोषण को देखा है। आज विश्व की स्थिति ऐसी है कि मानव जीवन कहीं से भी सुरक्षित नहीं लग रहा है, विश्व के सशक्त व मजबूत देश भी दुनिया में नई उम्मीद नहीं जगा रहे हैं। अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर हो रहा है। चीन भरोसे के संकट से गुजर रहा है। रूस ने युद्ध का मार्ग अपना कर शांति के लिए विश्वास का अवसर ही नहीं छोड़ा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर शांति, खुशहाली, सहयोग और विकास की पैरवी केवल भारत कर रहा है। केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद विश्व में भारत की छवि भी बदली है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा है, अब भारत सहयोग लेने वाला नहीं देने वाला बन गया है। कई क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भर हुआ है, ताकतवर हुआ है, निर्यातक बना है। आज भारत शांति की वकालत कर रहा तो इसी में वैश्विक कल्याण भी है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ किया है। राजनाथ की टिप्पणी रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। रूस व यूक्रेन जंग का अंत वैश्विक हित में है, लेकिन अमेरिका व यूरोप को अपनी रणनीति बदलनी होगी।



## बयानबाजी
अरविंद जयतिलक

**बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे, लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की।**

# राहुल के 'कृत्य' से बिगड़ रही देश की छवि

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कमाल के नेता हैं। वे तनिक भी विचलित व चिंतित नहीं होते हैं कि तर्कहीन और मनगढ़ंत भाषणबाजी के फेर में कहीं खुद ही लपेटे में आ गए तो क्या होगा। वे सरकार की आलोचना के फेर में देश की साख और मर्यादा का ख्याल किए बिना ही लगातार जो मुंह में आ रहा है, उगल रहे हैं। इससे न केवल देश की छवि धूमिल हो रही है बल्कि उन्हें खुद आलोचना का पात्र बनना पड़ रहा है। बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे। लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा ही कृत्य किया है। उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की। साथ ही आरएसएस पर भी हमला बोलने से नहीं चूके।

हद तो तब हो गई, जब उन्होंने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी अथवा कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए कि क्या सिख समुदाय भारत में पगड़ी और कड़ा धारण नहीं करता है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत में इस बार आम चुनाव लड़ने के लिए सबको समान अवसर उपलब्ध नहीं थे। अब सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के अनाप-शनाप संबोधन को लेकर सवाल दागना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को जवाब देते नहीं बन रहा है। गौर करें कि इससे पहले भी राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की साख से खेलने की कोशिश की है। गत वर्ष उन्होंने जर्मनी के हैम्बर्ग में बुसेरियस समर स्कूल में छात्रों और प्रवासियों को संबोधित करते हुए देश में उन्माद की हिंसा यानी मॉब लिंचिंग की बढ़ती घटनाओं को बेरोजगारी से जोड़ दिया था। दूसरी ओर लंदन में आरएसएस की तुलना आतंकी संगठन ब्रदरहुड से की थी। उनके इस दुर्लभ प्रवचन से न केवल भारत-जर्मनी बल्कि दुनिया भर के समाजशास्त्री और अर्थशस्त्री हतप्रभ रह गए थे।

इस बार भी विदेशी धरती पर राहुल गांधी के अनावश्यक संबोधन से देश सन्न है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी को क्या हो गया है जो कि मोदी विरोध के नाम पर कभी आरएसएस को बदनाम कर रहे हैं तो कभी देश की आबरु से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी के इस संबोधन से भारतीय जनता पार्टी उद्वेलित और आक्रामक होती है तो यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं है। ऐसा इसलिए कि जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लगा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी गलत कुतर्कों के जरिए दुनिया भर में भारत की छवि खराब करने पर उतारु हैं। गत वर्ष पहले ही उन्होंने कैलिफोर्निया



के बर्कले विश्वविद्यालय में भारत में लोकतंत्र की सच्ची पैरोकारी के बजाए वंशवाद की वकालत की। बहुत पहले उन्होंने अमेरिकी राजदूत से कहा कि देश को इस्लामिक आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिंदू कट्टरवाद से है। उस समय भी राहुल गांधी की खूब फजीहत हुई थी और कांग्रेस को बचाव में उतरना पड़ा था।

चुनाव के दौरान चुरु की एक रैली में उन्होंने कहा था कि सांप्रदायिक तत्वों ने उनकी दादी को मारा, उनके पिता को मारा और अब शायद उन्हें भी मार सकते हैं। जबकि वे अच्छी तरह सुपरिचित हैं कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या सांप्रदायिक तत्वों ने नहीं बल्कि आतंकियों ने की थी। याद होगा 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी का घोषणापत्र ही फाड़ दिया। तब भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी। यही नहीं, उन्होंने 2014 में एक चुनावी जनसभा में गांधी जी की हत्या के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। लेकिन जब इससे नाराज संघ के एक कार्यकर्ता ने उन्हें अदालत में घसीट लिया तो उनकी असहजता बढ़ गई। तब उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि वह या तो माफी मांगें या मानहानि के मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी के गैर जिम्मेदाराना रवैए से साफ है कि उनमें सूझबूझ की कमी है और वे बार-बार गलत बयानबाजी के जरिए अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता पर मुहर लगा रहे हैं। राहुल की इसी नासमझी का नतीजा है कि देश उन्हें एक गंभीर राजनेता मानने को तैयार नहीं है। यह सही है कि राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से कांग्रेस और उसके नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। लेकिन जिस तरह उनकी बयानबाजी को लेकर कांग्रेस पार्टी को बचाव में उतरना पड़ रहा है, उससे साफ है कि राहुल गांधी में गंभीरता की कमी है।

मजेदार बात कि वे अपनी कमियां ढूंढ़ने के बजाए मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। सच तो यह है कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पच नहीं रही है और वह अवसादग्रस्त हो गई है। उसी अवसाद का नतीजा है कि कांग्रेस कभी अपने नेता राहुल गांधी को मंदिर का दर्शन कराती है तो कभी सनातन पर प्रहार कराती है। उनके इशारे पर उनके सिपहसालार देश को हिंदू पाकिस्तान तो कभी हिंदू तालिबान बताते सुने जाते हैं। अब असल सवाल यह है कि क्या इस तरह के आचरण से राहुल गांधी देश का दिल जीतने में सफल रहेंगे? क्या वे विदेशी धरती पर खड़े होकर देश के खिलाफ आग उगलकर सत्ता सिंहासन तक पहुंच जाएंगे? यह संभव ही नहीं है। देश उनके और उनकी पार्टी के इस रवैए से आहत है। राहुल गांधी को समझना होगा कि अगर वे भोथरे दलीलों के जरिए देश को गुमराह कर प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश में हैं तो इसका सर्वाधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को ही उठाना होगा। उन्हें समझना होगा कि वे कांग्रेस के अग्रणी नेता ही नहीं बल्कि अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। अगर वह गली छाप नेताओं की तरह राजनीतिक आचरण की नुमाईश करेंगे तो फिर देश की कमान संभालने का दावा कैसे कर सकते हैं? वैसे भी जब से वे नेता प्रतिपक्ष बने हैं देश को लगातार निराश कर रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि देश ने राहुल गांधी को बेहतर कार्य करने का मौका नहीं दिया। वे चाहते तो नोटबंदी, जीएसटी और धारा 370 के सवाल पर सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते थे। लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। अब कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का एकसूत्रीय कार्यक्रम सरकार का विरोध करना और दुनिया भर में भारत की साख से खिलवाड़ करना रह गया है। यह देश के साथ छल है और देश इसे सहन नहीं करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



## मुद्दा
विवेक शुक्ला

# 'बाहरी' उम्मीदवारों को प्रेरित करते रहेंगे अल्बर्टो फुजीमोरी

भारत के हरेक चुनाव में कुछ उम्मीदवारों पर 'बाहरी' होने का आरोप लगता है। इन बाहरी उम्मीदवारों को हर दौर में पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी प्रेरित करते रहेंगे। फुजीमोरी का बुधवार को पेरू की राजधानी लीमा में निधन हो गया। उनसे बड़ा शायद ही कभी कोई बाहरी उम्मीदवार दुनिया ने चुनाव लड़ते देखा। अब असली बात पर आते हैं। फुजीमोरी मूल रूप से जापानी माता-पिता की संतान थे। वे जब करीब पांच साल के थे, तब उनके माता-पिता दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में नौकरी के लिए शिफ्ट कर गए और फिर वहीं बस गए। जाहिर है कि फुजीमोरी का बाकी का जीवन पेरू में ही गुजरा। वे बड़े हुए तो पेरू की सियासत में कूद पड़े। यह नहीं, फुजीमोरी 1990 से 2000 तक पेरू के राष्ट्रपति रहे। उस देश में जहां जापानी मूल के एक हजार लोग भी नहीं थे। पर मजाल है कि कभी फुजीमोरी को किसी ने बाहरी बताया हो। राष्ट्रपति रहते हुए उन्हें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्हें जेल भी हुई। पर उन पर बाहरी होने की तोहमत किसी ने नहीं लगाई।

अब भारत की बात कर लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसल किया तो उन्हें बाहरी बताया गया। उसी चुनाव में अरुण जेटली ने अमृतसर से चुनाव लड़ा तो उन्हें भी बाहरी कहा गया। ये तो दो उदाहरण हैं। न जाने हमारे यहां नगर निगम से लेकर विधान सभा और लोकसभा चुनावों में कितने उम्मीदवारों को बाहरी कहा जाता रहा है। आप अपने ही देश में बाहरी हो जाते हैं। इन्हें सुनना पड़ता है कि चूंकि ये स्थानीय नहीं हैं, इसलिए जनता के मसलों को हल नहीं कर सकेंगे। अजीब स्थिति है कि हम तो अपने देशवासियों को बाहरी कहने का मौका नहीं छोड़ रहे और भारतवंशी करीब दो दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री से राष्ट्रपति बन गए। साल 1961 में प्रोगेसिव लेबर पार्टी के उम्मीदवार छेदी जगन कैरिबियाई टापू देश ग्याना के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। एक तरह से छेदी जगन ने श्रीगणेश किया था भारतवंशियों के सात समंदर पार जाकर शिखर को छूने का। उनके बाद भारत के बाहर लघु भारत कहलाए जाने वाले मारीशस में शिव सागर रामगुलाम, अनिरुद्ध जुगनाथ से लेकर फीजी में महेंद्र चौधरी और त्रिनिदाद और टोबेगो में बासुदेव पांडे वगैरह अनेक राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। इन देशों में भारतवंशियों का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनना इस लिहाज से समझ आता है क्योंकि इनमें भारतवंशियों की आबादी 50 फीसद से भी ज्यादा है। पर भारतवंशी एस. रंगानाथन सिंगापुर जैसे देश के भी राष्ट्रपति बने। सिंगापुर में चीनी लगभग 76 फीसद हैं। फिर मलेय भी मजे में हैं। जिधर भारतीय 10-12 फीसद हैं, उधर भी ये राष्ट्रपति बन रहे हैं।



क्या इसे मामूली उपलब्धि माना जाए? कतई नहीं। भारत में कब कोई विदेशी मूल का शख्स राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनता है, इसकी फिलहाल कोई संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती। कुछ साल पहले सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना पैदा हुई थी। पर,तब जमकर हंगामा बरपा था। तो साफ है कि हम हिन्दुस्तानी कम से कम इस लिहाज से बहुत छोटे दिल के हैं। हम जाति, समाज,भाषा, मजहब के बंधनों को तोड़कर अपने लिए बेहतर उम्मीदवारों को चुनने के लिए तैयार नहीं हैं। फुजीमोरी के पुत्र केंजी फुजीमोरी भी पेरू के सांसद रहे। फुजीमोरी वर्ष 2000 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद फुजीमोरी अपने माता-पिता के देश जापान चले गए थे, लेकिन अपने देश में खुद पर लगाए गए आरोपों का सामना करने के लिए उन्हें वर्ष 2007 में पेरू प्रत्यर्पित कर दिया गया था। आजकल अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेन पर सारे संसार की निगाहें हैं। भारत की तो खासतौर पर हैं, क्योंकि कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की संभावनाएं जाहिर की जा रही हैं। कमला हैरिस की मां डॉ. श्यामला गोपालन तमिलनाडू से थीं। कमला हैरिस का जन्म अमेरिका में ही हुआ। वे वर्तमान में देश की उपराष्ट्रपति हैं। बताइये, कभी किसी ने उन्हें बाहरी कहा। भारतवंशी सारी दुनिया में राजनीति करते हैं। इन्हें कहीं कोई बाहरी नहीं कहता। अब आप खुद तय कर लें कि हमारे यहां बाहरी उम्मीदवार को लेकर बहस का होना कितना शर्मनाक है। ये छोटी सोच बंद होनी चाहिए। अगर किसी ने पेरू में अल्बर्टो फुजीमोरी को बाहरी नहीं कहा तो हम अपने ही देश के किसी चुनाव मैदान में उतरने वाले शख्स को कैसे बाहरी कह सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चित्त की शुद्धता ही धर्म का सार



संकलित
**दर्शन**

उपाध्याय गुप्त सार मुनि के अनुसार धर्म के सार को समझे बिना धर्म का ठीक से पालन नहीं किया जा सकता है। सार को समझेंगे तभी उसे ग्रहण कर पाएंगे अन्यथा अंदर के सार तत्त्व को छोड़कर छिलकों में ही उलझे रह जाएंगे। सार में सदा समानता रहती है। अनेक रूप-रूपाय भिन्न-भिन्न बाह्याडंबर, आकार-प्रकार, बनावट-सजावट, खान-पान जो भिन्न-भिन्न संप्रदायों के प्रतीक मात्र थे, वे आज भिन्न-भिन्न धर्म बनकर पारस्परिक विरोध का कारण बन गए हैं। सारा मानव समाज इन बाह्याचार और बाह्याडंबर रूपी स्थूल छिलकों में बुरी तरह उलझ गया है। हमें जब तक धर्म की वास्तविक 'मणि' प्राप्त नहीं होती, तब तक हम कंगाल हैं। हमारा जीवन निस्सार दिखावों, निरर्थक कर्मकांडों और निकम्मे बुद्धि-किलोलो में भरा रहता है। धर्म का सार तो चित्त की शुद्धता में है, राग-द्वेष-मोह के बंधनों से मुक्त होने में है। विषम स्थितियों में भी चित्त की समता बनाए रखने में है। मैत्री, करुणा, मुदिता में है। साथ-साथ जो यह भी समझते हो कि ये गुण हममें नहीं है तो देर-सवेर वे भी धर्म के सार को प्राप्त कर ही लेते हैं। लेकिन जब हम बाह्याडंबर के निस्सार छिलकों को ही धर्म मानने लगते हैं, तब शुद्ध धर्म प्राप्त कर सकने की सारी संभावनाओं को खो देते हैं। हम यह जांच कभी करते ही नहीं हैं कि जिसे हम धर्म माने जा रहे हैं, उसकी वजह से हमारे मन-मानस में क्या सुधार हो रहा है? अथवा हमारे जीवन-व्यवहार में कुछ सुधार हो रहा है? अत धर्म की शुद्धता को जानना, समझना, जांचना, परखना पहला आवश्यक चरण है। शुद्ध धर्म सदा स्पष्ट और सुबोधक होता है। उसमें रहस्यमयी गुत्थियां नहीं होती। शुद्ध धर्म में कपोल कल्पनाएं नहीं होती। जो कुछ होता है, यथार्थ ही होता है। धर्म कोरे सिद्धांत निरूपण के लिए नहीं प्रत्युत स्वयं का साक्षात्कार करने के लिए होता है।

# दृष्टिकोण में बदलाव से जीवन में सकारात्मकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक यूनानी दार्शनिक का शिष्य था, जिसे उसके गुरु ने तीन साल तक हर उस व्यक्ति को पैसे देने के लिए कहा, जो उसका अपमान करता था। जब परीक्षण की अवधि समाप्त हो गई तो गुरु ने उससे कहा, 'अब तुम एथेंस जाकर ज्ञान प्राप्त कर सकते हो।' जब शिष्य ने एथेंस में प्रवेश किया तो उसे द्वार पर एक ज्ञानी पुरुष बैठा मिला, जो हर आते-जाते व्यक्ति को अपमानित करता था। उसने शिष्य को भी अपमानित किया तो वह शिष्य जोर से हंसा। ज्ञानी पुरुष ने उससे पूछा, मैं तुम्हारा अपमान कर रहा हूं तो तुम हंस क्यों रहे हो?' शिष्य ने उत्तर दिया, 'क्योंकि मैं इस तरह की बात के लिए लोगों को पैसे देता रहा हूं और तुम यह मुझे मुफ्त में दे रहे हो।' 'नगर के भीतर प्रवेश करो', ज्ञानी पुरुष ने कहा, 'यह नगर तुम्हारा है।' नजरिये में बदलाव लाने की क्षमता एक अत्यंत ताकतवर और प्रभावशाली उपकरण है, जो हमें जीवन में रोजमर्रा की परेशानियों से निपटने में मदद करता है। चीजों को अलग नजरिये से देखने की क्षमता बहुत लाभकारी होती है। इसके अभ्यास से व्यक्ति कुछ अनुभवों, कुछ त्रासदियों की मदद से दिमाग को शांत कर सकता है। मनुष्य को समझना चाहिए कि हर बात और हर घटना के विभिन्न पहलू होते हैं। हर चीज सापेक्ष होती है। उदाहरण के लिए, मेरे मामले में, मैंने अपना देश खो दिया। उस दृष्टिकोण से यह बहुत दुख की बात है और इससे भी ज्यादा दुख की कई बातें हुई हैं। परंतु अगर मैं इसी बात को अलग नजरिये से देखूं तो मुझे लगता है कि एक शरणार्थी होने के दृष्टिकोण से किसी तरह की औपचारिकता, जश्न या नवाचार की जरूरत नहीं है। यदि स्थिति यथावत होती, अगर सब कुछ ठीक-ठाक होता तो बहुत-से अवसरों पर आप सिर्फ चलते रहते हैं; आप दिखावा करते हैं। परंतु जब आपके सामने निराशाजनक परिस्थितियां आती हैं तो दिखावा करने का समय नहीं मिलता।

## सटाका




## आज की पाती

### देश का विकास उद्योग जगत पर निर्भर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की आर्थिक व्यवस्था की मजबूती के लिए देश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना जरूरी माना था। देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए जब जवाहरलाल नेहरू के समक्ष तीन प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें मुख्यत: पहला गांधीवादी विचारधारा का, दूसरा एमएन राय का, और तीसरा देश के मुख्य पूंजीपतियों की विचारधारा का था, तो जवाहरलाल नेहरू ने देश के उस समय के सबसे बड़े उद्योगपतियों टाटा-बिड़ला के प्लान को ही स्वीकार किया था। देश के विकास में उद्योग जगत की भूमिका हमेशा रही है। नेहरू यह मानते थे कि उद्योगों को बढ़ावा देने से ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इसलिए आज भी जरूरत है कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। – *मनोज कुमार देशलहरे*

## ट्रेंड

### पीएम-जेएवाई का विस्तार



हम प्रत्येक भारतीय के लिए सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में, कैबिनेट ने आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना के दायरे को और विस्तारित करने का निर्णय लिया है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समाज व सरकार विचार करें



सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। समाज और सरकार दोनों गंभीरता से विचार करें - देश की आधी आबादी की रक्षा की ज़िम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### समान अवसर की जरूरत



भारत की अर्थव्यवस्था पर विश्व बैंक की नई रिपोर्ट बेहद उत्साहवर्धक है। विकास दर 7% रहने का अनुमान है और हम सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहेंगे। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच समान अवसर की आवश्यकता है।
**-अनिल अग्रवाल, व्यवसायी**


### सबसे महत्वपूर्ण...कहानी



टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म छात्रों के एक समूह के साथ, जो मुझसे फिल्म बनाते समय 10 सबसे महत्वपूर्ण चीजें पूछ रहे थे। मैंने जो कहा वह यहां है; कहानी, कहानी, कहानी...
**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# वन्यजीव हमला : भेड़ियों के हमलों के बीच संरक्षण पर जोर



बहराइच में भेड़ियों के हमलों की बढ़ती संख्या और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जरूरत पड़ने पर उन्हें गोली मारने के आदेश के बीच विशेषज्ञों ने विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी इस प्रजाति के संरक्षण पर जोर दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़िये शर्मीले प्रवृति के होते हैं और झुंड में रहते हैं जो अपने सदस्यों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं। बहराइच की महसी तहसील में मार्च से अब तक भेड़ियों के कथित हमलों में नौ बच्चों सहित 10 लोग मारे जा चुके हैं तथा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष में लगभग तीन दर्जन लोग घायल हुए हैं। सरकार ने इसे वन्यजीव आपदा घोषित किया है। इन 10 मौतों में से आठ लोगों की मौतें पिछले दो महीनों में हुई हैं, जबकि 50 गांवों के निवासी भय के साए में जी रहे हैं। राज्य सरकार ने 17 जुलाई से भेड़ियों को पकड़ने के लिए 'ऑपरेशन भेड़िया' शुरू किया है। भेड़ियों के कथित हमलावर झुंड में से पांच को पहले ही बचा लिया गया है जबकि झुंड के छठे भेड़िये को खोजने के प्रयास चल रहे हैं, जिसकी तस्वीरें पिछले महीने ड्रोन कैमरे के जरिए देखी गई थीं। बहराइच में 'ऑपरेशन भेड़िया' का नेतृत्व कर रहे भारतीय वन सेवा अधिकारी और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के पूर्व फील्ड निदेशक संजय पाठक ने भेड़ियों और उनके व्यवहार के बारे में आम गलत धारणाओं की जानकारी दी।

## ऑफ बीट

# आतंकवाद में बदलाव आया है, लेकिन क्या हम तैयार हैं



जब अल-कायदा सदस्यों ने 11 सितंबर 2001 को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वाणिज्यिक विमानों से टक्कर मारी थी तब दुनिया के सामने यह स्पष्ट हो गया था कि आतंकवादी कौन हैं, लेकिन 23 साल बाद भी वास्तविकता यह है कि आतंकवादियों का कोई एक प्रकार नहीं है। चूंकि विश्व भर में सुरक्षा बल सभी प्रकार के समूहों से उत्पन्न खतरों से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी कौन है, इस पर सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आतंकवाद की एक प्रभावी परिभाषा जरूरी है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए परिचालन नियम तैयार किए जा सकें तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और युद्ध, मित्रों और शत्रुओं तथा खतरे के परिदृश्यों के साझा परिप्रेक्ष्य के आधार पर संयुक्त प्रयासों को सुविधाजनक बनाया जा सके। कोई शख्स अपनी गतिविधियों के कारण आतंकवादी कहलाता है, न कि अपने विश्वासों के कारण, तथा उसकी गतिविधियों के कारण ही उस पर मुकदमा चलाया जाता है। अच्छाई और बुराई के सैद्धांतिक स्तर पर आतंकवाद को लेकर चर्चा करना निरर्थक है। भले ही हम सभी इस बात पर सहमत हों कि आतंकवाद बुराई की अभिव्यक्ति है, लेकिन इस बात पर सहमति नहीं बन सकती कि आतंकवादी कौन हैं।

# खैरथल निवासी प्रो. उज्जवल कुमार कल्ला को मिला उत्तर प्रदेश सरकार का राष्ट्रीय पुरस्कार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ( NIT) दिल्ली के विद्युत विभाग के प्रोफेसर व डीन डा उज्जवल कुमार कल्ला को दूरस्थ ग्रामीण तथा पहाड़ी क्षेत्रो में रहने वाले लोगो का जीवन सुगम करने हेतु काम में आने वाले विद्युत् उत्पादन की नयी तकनीकों के आविष्कार तथा ग्रामीणों के काम में आने वाली विभिन्न विद्युत् उपकरणों से सम्बंधित आधुनिक तकनीके विकसित करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार का वर्ष 2023 का "उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय पुरस्कार" प्रदान किया गया है। प्रोफेसर कल्ला मूलतः खैरथल अलवर के निवासी हैं।यह पुरस्कार पूरे भारत के डिग्री इंजीनियरिंग व तकनिकी के क्षेत्र में काम करने वाले सभी प्रोफेसरों में से केवल एक प्रोफेसर को ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो हेतु नई तकनीके विकसित करने हेतु दिया जाता है। गौरतलब है कि प्रो कल्ला द्वारा ईजाद की गयी विभिन्न नई तकनीकों पर अब तक 17 पेटेंट फाइल किये जा चुके है। इनके द्वारा विकसित की गयी तकनीकों पर NIT दिल्ली द्वारा 3 और NIT दिल्ली द्वारा 10 पेटेंट फाइल किये जा चुके हैं। इसके अलावा प्रो कल्ला द्वारा 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च पेपर प्रकाशित किये जा चुके है। इस अवसर पर NIT दिल्ली के निदेशक प्रो अजय कुमार शर्मा ने प्रो कल्ला को बधाई दी तथा भारत सरकार के कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने दिल्ली स्थित निवास स्थान पर प्रो कल्ला को यह रास्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने पर हार्दिक बधाई दी। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा NIT दिल्ली के कैंपस में स्थित भारतीय तकनिकी शिक्षा संस्थान की राष्ट्रीय कमेटी के अनुमोदन उपरांत दिया जाता है। प्रो कल्ला ने अपने करियर कि शुरुआत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर में सहायक प्रोफेसर पद से की थी, प्रो कल्ला राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष तथा सिरेमिक इलेक्ट्रिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी रह चुके है। उसके उपरांत प्रो कल्ला मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल भारत सरकार में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुवे। पिछले वर्ष जुलाई 2023 में प्रो कल्ला को NIT दिल्ली के विद्युत इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किये गये। वर्तमान में प्रो कल्ला NIT दिल्ली में डीन के पद पर कार्यरत है। प्रो कल्ला को पूर्व में NIT दिल्ली में एम् टेक व पीएचडी अध्ययन के दौरान बेस्ट एम् टेक थीसिस का राष्ट्रीय पुरस्कार तथा पीएचडी के दौरान उत्कृष्ट रिसर्च कार्यों हेतु NIT दिल्ली तथा भारत सरकार का POSO-CO अवार्ड (पावर सिस्टम कारपोरेशन अवार्ड) तथा पावर ग्रिड भारत सरकार का ग्रिड टेक अवार्ड भी दिया जा चुका है।

## अनुकंपा नियुक्ति पश्चात कंम्पयूटर टंकण गति परीक्षा 25 को होगी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल**

जिला स्तर पर मृतः राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति पश्चात ली जाने वाली कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा (माह सितम्बर, 2024) हेतु आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों की परीक्षा 25 सितंबर को दोपहर 2 बजे से 3.बजे एवं दोपहर 3बजे से 4 बजे तक दो पारियों में "वी.सी. हॉल कलैक्ट्रेट खैरथल-तिजारा" पर आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि परीक्षा आयोजन की प्रथम पारी में अनुक्रमांक 1017 से 1023 तथा द्वितीय पारी में अनुक्रमांक 1024 से 1029 के अभ्यर्थियों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं सूची जिला कार्यालय की वैबसाईट www.khairthaltijara.rajasthan.gov.in पर अपलोड करवा दी गई हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) जिला कार्यालय के वैबसाईट www.khairthaltijara.rajasthan.gov.in से डाऊनलोड कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से फोटो प्रमाणित करवाकर निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र एवं मूल फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित हो, पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

## हरसौली से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

शुक्रवार को 33 केवी विद्युत सब स्टेशन हरसौली से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत कनिष्ठ अभियंता एवं एचटीएम अंकिता यादव ने बताया की लाईनो के आवश्यक रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार 12 सितम्बर को हरसौली से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

## राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी में बीए भाग प्रथम सेमेस्टर द्वितीय के भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 19 और 20 को

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी के कला वर्ग भाग प्रथम, सेमेस्टर द्वितीय के भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा सत्र 2024-25 के लिए 19 और 20 सितंबर को आयोजित की जायेगी। सभी नियमित और स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं के बैच महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिए गए हैं। सभी विधार्थी महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर अपने बैच की जानकारी प्राप्त करें सकते है।

## जलझूलनी एकादशी पर कल निकलेंगी ठाकुरजी की झांकी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

कस्बे सहित क्षेत्रभर में जलझूलनी एकादशी का पर्व शुक्रवार 14 सितम्बर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर कस्बे सहित क्षेत्र में जगह-जगह ठाकुरजी की प्राचीन परंपराओ के अनुसार झांकी निकाली जायेगी। क्षेत्र के गांव सारनवास-पहाडवास में ठाकुर जी मंदिर से शाम को ठाकुर जी की झांकी निकाली जायेगी। वहीं क्षेत्र भ्रमण के बाद बीबीरानी माता मंदिर स्थित तालाब में स्नान कराकर उनका जल विहार कराया जायेगा।

## सोडावास सरपंच निवास पर फायरिंग के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मुंडावर**

मुंडावर थाना पुलिस ने गुरुवार को सोडावास सरपंच के निवास पर पिछले दिनों हुई फायरिंग के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी राजीव डूडी ने बताया कि इसी वर्ष 11 अप्रैल को सोडावास सरपंच के निवास पर कार में आए बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए अंधाधुंध फायरिंग की थी। थाना पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ़तीश की। पुलिस अधीक्षक खैरथल तिजारा मनीष चौधरी एवं अन्य उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर पुलिस ने गुरुवार को मामले में 20000 इनामी बदमाश शशिकांत पुत्र मोहनलाल शर्मा निवासी शेरपुर बहरोड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी इससे पहले एक अन्य मामले में न्यायालय से फरार चल रहा है। इस फायरिंग के मामले में इससे पहले थाना पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अन्य दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सूरज स्कूल के विद्यार्थियो ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान प्राप्त




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सूरज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने ताईक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सूरज पब्लिक स्कूल के निर्देशक आन्नद राव ने बताया की कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सूरज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होने राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन को लेकर न्यायाधीशों एवं अधिकारियों को बैठक



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मुंडावर**

आगामी 28 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर गुरुवार को तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शक्तिसिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रक्रियात्मक बाधा को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार राजस्व, एसीजेएम एवं सिविल न्यायालय से राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर कर उनको निस्तारित करवाने का प्रयास करने पर जोर दिया गया। साथ में जिन प्रकरणों में राजीनामा की संभावना है उन प्रकरणों को रेफर किया जाकर लोक अदालत में निस्तारित करने के हर संभव प्रयास हमने को भी कहा गया। इसके अलावा बैंक, बिजली व पानी विभाग अपनी विशेष छूट के प्रचार प्रसार कर लोक अदालत का प्रचार प्रसार करें। इधर एडीजे शक्ति सिंह द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वयक गण के साथ मीटिंग के माध्यम से आमजन से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु 28 सितंबर तक तालुका विधिक सेवा समिति मुंडावर के अलावा भी संबंधित बैंक या संस्था में उपस्थित होकर अपने प्रकरण के निस्तारण हेतु काउंसलिंग कराएं तथा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाएं। इस मौके पर एसीजेएम सुयश, सिविल न्यायाधीश मनोज सहित एसडीम सुरेंद्र प्रसाद, बिजली पानी के विभाग अधिकारियों सहित बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खैरथल महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दी इंटर्नशिप कार्यक्रम और रिजर्व बैंक प्रतियोगिता की जानकारी



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल**

राजकीय महाविद्यालय खैरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना और करियर प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विशेष योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम समन्वयक प्रो साक्षी जैन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों से स्नातक स्तरीय डिग्री सम्पन्न करने के उपरांत सभी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत विशेष इंटर्नशिप करवाई जाएगी। जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान कर युवाओं में उद्यमिता को बढ़ाना और स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करने से है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को स्टाइपेंड भी देय है। इस अवसर रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि कमलेश कुमार ने युवाओं को रिजर्व बैंक की ओर से आयोजित करवाई जा रही ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 2 लाख रु की पुरस्कार राशि जीतने का अवसर मिलेगा। साथ ही राज्य और केंद्र स्तर पर प्रतियोगिता में विजेता होने वाले विद्यार्थियों को 8 से 10 लाख रु तक की ईनामी राशि प्राप्त होगी। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराने वाले विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक चंदवानी, सरस्वती मीणा, राजवीर सिंह मीणा, चंद्रशेखर शर्मा, स्टाफ सदस्य सौम्या बारेठ, विक्रम सिंह, प्रभुदयाल आदि उपस्थित रहे।

## किशनगढ़बास विधानसभा में प्रत्येक बूथ 320 सदस्य बनाकर करेंगे लक्ष्य हांसिल




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा किशनगढ़बास**

भाजपा सदस्यता अभियान 2024 को लेकर भाजपा विधानसभा किशनगढ़बास की एक दिवसीय कार्यशाला कस्बे के गजानंद गार्ड़न में राष्ट्रीय मंत्री और राजस्थान प्रदेश भाजपा सदस्यता अभियान के प्रभारी ऋतुराज किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने बताया कि किशनगढ़बास विधानसभा में प्रत्येक बूथ पर लगभग 320 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें विधानसभा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग लगा हुआ और पार्टी के इस पुनीत कार्य में किशनगढ़बास विधानसभा अव्वल आयेगी। राजस्थान सदस्यता प्रभारी एवं राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज किशोर ने बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने रैफरल कोड़ से सदस्य बनाये जिससे की उसे खाते में पार्टी की स्थिति अच्छी बने और प्रत्येक पदाधिकारी अपने लक्ष्य को प्राप्त करे। प्रभारी ऋतुराज ने विधानसभा में अब तक बने सदस्यो की भी समीक्षा की और प्रत्येक कार्यकर्ता को अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया और ऐप के बारे में भी समझाया। सिर्फ 8800002024 पर मिसकॉल करने से सदस्य नही बनेंगे बल्की जो लिंग आयेगा उसमे सभी जानकारियां भरकर कार्ड बनान होगा और अपना लिंग रैफर करना होगा तभी विधानसभा में सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल होगा। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता मनीष पारिक, जिला सदस्यता अभियान प्रभारी शंकर बोहरा, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया, जिला महामंत्री महासिंह चौधरी, शशिकान्त बोहरा, चैयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंहल, कोटकासिम चैयरमैन ओमप्रकाश सैनी सहित पांचो मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री, सदस्यता अभियान के संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कतोपुर की पूनम ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

क्षेत्र के गांव कतोपुर निवासी पूनम यादव को लॉर्ड्स विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। पूनम यादव की इस कामयाबी पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पूनम यादव ने प्रो. प्रदीप कुमार के निर्देशन में प्रेमचंद के उपन्यासों में सामाजिक और राजनीतिक जीवन का चित्रण पर शोध किया। वहीं डॉ0 पूनम यादव ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट और जेआरएफ परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं। उनके पति जितेंद्र यादव भी मैथमेटिक्स में पीएचडी कर रहे हैं। उन्होने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पति, ससुराल पक्ष व गुरूजनो को दिया है।

## जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत राशि के चेक पीड़ितों को किए वितरित

### जिला कलक्टर पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों में लंबे समय से लंबित मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरणों का किया निस्तारण

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा खैरथल-तिजारा**

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत सहायता राशि के लिए चेक भुगतान की स्वीकृति जारी कर पीड़ितों को चेक वितरित किए। जिला कलक्टर पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों में लंबे समय से लंबित मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरणों का निस्तारण किया। जिसके तहत उन्होंने पीड़िता सुमित्रा के पुत्र प्रिंस की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर



मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख तथा इमरान के पुत्र अरबाज की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया।

## कार्यालय नगर परिषद् तिजारा, खैरथल - तिजारा

कमांक- 1596 दिनांक-11.9.2024

### आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषिभूमि / अकृषि / आबादी में बसी कालोनियों में स्थित भूखण्डों के आवासीय / वाणिज्यक / संस्थानिक / नियमन हेतु निम्न आवेदकों द्वारा जरीये दस्तावेजों से पत्रावलियां प्रस्तुत की है। यदि किसी व्यक्ति / फर्म/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मय साक्ष्य प्रस्तुत करें। म्याद गुजरने की अवधि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बाद समस्त जांच के आवेदक की भूमि रुपान्तरण पट्टा जारी कर दिया जावेगा। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों की जानकारी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क.सं. | नाम आवेदनकर्ता | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | मनिष यादव पुत्र घनश्याम दास यादव निवासी असलीमपुर तिजारा | C-28, 29/A | 412.46 वर्गगज |
| 2 | कपिल यादव पुत्र घनश्याम दास यादव निवासी असलीमपुर तिजारा | C-30, 29/A | 412.46 वर्गगज |

**नोट-** उक्त आपत्ति सूचना के प्रकाशन का यह अर्थ नहीं है कि उक्त आवेदनों पर नगरपालिका को कोई आपत्ति नहीं है।

**आयुक्त**
**नगर परिषद् तिजारा**

## गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

गुर्जर अधिकारी-कर्मचारी महासंघ एवं गुर्जर कर्मचारी समिति कोटपूतली के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 13 सितम्बर को कस्बा स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में कोटपूतली विधानसभा के गुर्जर समाज के छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल होगें। संरक्षक पुष्कर मल रावत व ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल गुर्जर ने बताया कि समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों एवं स्नात्तक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों, नीट, आईआईटी व आईआईएम में चयनित विधार्थियों, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ नवनियुक्त व सेवानिवृत कार्मिकों को चाँदी का सिक्का देकर सम्मानित किया जायेगा।

## श्री राधा अष्टमी पर संकीर्तन का आयोजन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

राजमार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट द्वारा श्री राधा अष्टमी के अवसर पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनुपम श्रृंगार के बाद आरती की गई एवं पंगत प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष श्यामलाल बंसल, उपाध्यक्ष ख्यालीराम सैनी, महामंत्री मनोज दीवान, कोषाध्यक्ष जगदीश सैनी, रमेश फूलवाला, महेश बंसल, रमेश जिंदल, भीम, राजू, हीरालाल सैनी, अरविन्द, सियाराम शर्मा, घनश्याम अथोनिया, बब्बल शर्मा, संजय मित्तल, अमित यादव, गिरिराज नायक, कमल गुप्ता, प्रवीण बंसल समेत अनेक श्रद्धालू मौजूद रहे।

## श्री क्षत्रिय संघ का प्राथमिक शिविर शुक्रवार से

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

श्री क्षत्रिय संघ का प्राथमिक शिविर का आयोजन 13 सितम्बर शुक्रवार से प्रारम्भ होगा। ग्राम खड़ब, नारेहड़ा स्थित महारानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में बालक वर्ग का शिविर आयोजित होगा। जिसमें राजपूत समाज के बालक भाग लेगें। शिविर का समापन 16 सितम्बर को होगा। शिविर में नारेहड़ा, खड़ब, रामनगर, बनेठी, कल्याणपुरा, देवता, केशवाना राजपूत, सरुण्ड, खेड़ा, नृसिंहपुरा, सुदरपुरा ढ़ाढ़ा, दांतिल, टसकोला, भौनावास, बुचारा, पाथरेड़ी, राजनौता समेत जयपुर व सीकर जिलों से भी बालक भाग लेगें। यह जानकारी तंवरावाटी अध्यक्ष विक्रम सिंह तंवर व पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह सिंह शेखावत ने दी।

## 68 वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

### गोल्ड मैडल विजेता पहलवान परिषत राजपूत का किया स्वागत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा चौकी स्थित राजकीय महात्मा गाँधी विधालय (अंग्रेजी माध्यम) में आयोजित की जा रही 68 वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ग्राम कुजोता निवासी परिषत पुत्र रामू राजपूत ने 71 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस मौके पर एनआईएस कुश्ती कोच धर्मवीर पहलवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने परिषत पहलवान का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सरपंच नीलम सिंह, कैलाश शर्मा, विनय राजपूत, सतवीर शर्मा, रोहित, मोहित, सूरज योगी, महेश योगी, लोकेश, कमल, लीलाराम, लोकेश कुमावत, अशोक जांगिड़, सचिन, रवि समेत अन्य मौजूद रहे।

## पवाना अहीर बाबा दामोदर दास का मेला व कुश्ती दंगल 15 सितंबर रविवार को होगा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में हर वर्ष की तरह इस बार भी बाबा दामोदर दास का कुश्ती दंगल मेला भाद्रपद शुक्ल पक्ष तिथि द्वादशी रविवार 15 सितंबर को महाराज गिरवर नाथ नटाटा आश्रम (जन्म स्थली पवाना अहीर) व महन्त स्नेहीदास के सानिध्य में लगेगा। मेले की पूर्व संध्या पर रात्रि जागरण कार्यक्रम होगा। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि मेला कुश्ती दंगल में दूर दूर से पहलवान आकर अपने अपने दांव-पेंच दिखाते हैं। हर बार ग्राम पंचायत पवाना अहीर व सर्व समाज के सहयोग और सौजन्य से मेले का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि मेले के पूर्व दिवस 14 सितम्बर को रतिराम यादव व जांजड़िया परिवार द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन होगा तथा साथ ही कुश्ती दंगल में 21000 रूपए कामड़े की कुश्ती कराई जाएगी।

## कोटपूतली में ढाई घंटे का रहेगा पावर कट, जीएसएस पर होगा मेंटेनेंस, 1:30 से 4 बजे तक रहेगी कटौती

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**

कोटपूतली में शुक्रवार को ढाई घंटे बिजली कटौती रहेगी। सहायक अभियंता अभिषेक नारनोलिया ने बताया कि 132 केवी जीएसएस पावटा पर आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य के कारण 33 केवी फीडर खेलना की सप्लाई 1:30 से 4 बजे तक बंद रहेगी। जिस कारण 33 केवी जीएसएस खेलना,भोनावास से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई ढाई घंटे के लिए बंद रहेगी।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में गुंजिता ने बाजी मारी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा थानागाजी**

शहर की पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर की ओर से विशेष योग्यजन स्कूली विद्यार्थियों के मध्य ब्लॉक स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हुई। आयोजक शहरी नोडल अधिकारी मूलचंद मीणा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर कक्षा 6 से 12 तक के विशेष योग्यजन स्कूली विद्यार्थियों के मध्य क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर अव्वल आने वाले विजेता छात्र-छात्रा जिला स्तर पर खेलेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर से 24 सितंबर के मध्य किया जाएगा। इसके बाद संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर से 10 अक्टूबर के मध्य कराया जाएगा। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका सविता मीणा ने बताया कि पेंटिंग चित्रकला प्रतियोगिता में ने विजयपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा गुंजिता ने प्रथम स्थान, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थानागाजी के छात्र घनश्याम सैनी ने द्वितीय तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थानागाजी के छात्र नरसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अपराधियों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करें- एडीजीपी क्राईम दिनेश एमएन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटपूतली**



प्रदेश भर में राजस्थान पुलिस अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर निरन्तर सक्रिय होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विभिन्न जिलों में जाकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अपराध की घटनाओं पर समीक्षा कर इन पर नियंत्रण व अपराधियों पर लगाम लगाने की योजना बना रहे है। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ में हुई विभिन्न अपराध की घटनाओं की समीक्षा व क्राईम कन्ट्रोल को लेकर एडीजीपी क्राईम दिनेश एम.एन. गुरूवार को कोटपूतली पहुँचे। यहाँ पहुँचने पर एस.पी. कार्यालय पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एम.एन. एसपी कार्यालय में जयपुर रेंज आईजी अनिल कुमार टांक व एसपी वंदिता राणा समेत पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये हाल ही में हुई अपराध की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये। इस दौरान नवगठित जिले में हुई विभिन्न अपराधों की घटनाओं के पैटर्न व अनुसंधान को रिव्यु किया गया। बैठक में जिले में हुई फायरिंग की घटनाओं, हत्या की अनखुली वारदातों, वांछित अपराधियों, स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों व नये कानून से हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीजीपी ने विगत दिनों नीमराणा में होटल पर हुई फायरिंग की घटना पर जानकारी लेते हुये अनुसंधान पर चर्चा की। साथ ही प्रकरण में चिन्हित किये गये अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिये। एडीजीपी ने कहा कि होटल पर फायरिंग की वारदात के अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न राज्यों में टीमें भेजी गई है। ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये पुलिस फोर्स बढ़ाने के साथ-साथ अन्य तरीकों पर भी चर्चा की गई। क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न अपराध गिरोहों पर नजर रखते हुये कौनसा अपराध जेल में है अथवा कौन बाहर है, इस पर भी सूची बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। एडीजीपी ने कहा कि पड़ौसी राज्य हरियाणा में जारी विधानसभा चुनाव को लेकर नियमानुसार नाकाबंदी की जा रही है। एडीजीपी ने विगत वर्ष के आपराधिक आंकड़ों की समीक्षा करते हुये लोकल व स्पेशल एक्ट की कार्यवाही में वृद्धि करने, पोक्सो व ब्लात्कार, महिला अत्याचार एवं एससी-एसटी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर पेडेन्सी कम करने, हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर वांछित अपराधियों, टॉप टेन बदमाशों, ईनामी अपराधियों एवं सक्रिय गैंग के अपराधियों की धर पकड़ कर गिरफ्तार करने, आपराधिक प्रवृति के बदमाशों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। विगत वर्ष हथियारों की सप्लाई, फायरिंग, रंगधारी व फिरौती में संलिप्त अपराधियों एवं जिले में अवैध हथियारों की बढ़ती संख्या पर भी एडीजीपी ने ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फायरिंग की घटनाओं से दहशत फैलती है। ऐसे में अवैध हथियारों को लेकर कतई कोताही बर्दाश्त ना की जायें। साथ ही एनडीपीएस एक्ट व साईबर अपराधों की समीक्षा करते हुये भी उनमें कमी लाने के लिये निर्देशित किया। पुलिस थानों में नफरी की कमी पर भी एडीजीपी ने कहा कि इस बाबत जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा राज्य सरकार को चिट्ठी लिखी गई है। नवगठित जिलों में कुछ प्रारम्भिक समस्यायें है, सरकार के स्तर पर इनका जल्द से जल्द निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। एम.एन. ने हाल ही में पांच वर्षिय बालिका के अपहरण की वारदात का चार से पांच घण्टे में खुलासा होने पर हर्ष जताते हुये कहा कि पुलिस विभिन्न आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने इस घटना पर त्वरित कार्यवाही के लिये जयपुर रेंज आईजी समेत जिला पुलिस अधीक्षक व सम्बंधित पुलिसकर्मियों की सराहना भी की। इस दौरान एएसपी नेमसिंह, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़, बानसूर डीएसपी सत्यप्रकाश समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पिता ने 12 साल की बेटी की गला रेतकर कर दी हत्या

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बहरोड़**



सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कांकरा बर्डोद में पिता ने अपनी ही 12 साल की बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने भी ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की। जहां मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। बच्ची अपने पिता और दादी के साथ रहती थी। जबकि उसकी मां और छोटी बहन अलग रहते थे। सदर थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सुबह 10.30 बजे सूचना मिली कि बोंद गांव में नरेंद्र जाट (33) ने अपनी बेटी विनीत (12) की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद नरेंद्र ने घर के आगे ही ट्रक के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। मगर ट्रक की स्पीड धीमे होने पर नरेंद्र बच गया और उसके सिर में हल्की चोट आ गई। बेटी की हत्या करने और सुसाइड से पहले नरेंद्र ने एक सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें उसने दोनों (खुद और बेटी) के सुसाइड करने की बात लिखी है। सूचना पर एफएसएल व डॉग स्क्वाइड की टीम साथ मौके पर पहुंची। जहां बच्ची का शव लहूलुहान हालत में चारपाई पर पड़ा मिला। नरेंद्र को इलाज के लिए बहरोड़ के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। वहीं बच्ची के शव को अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवा दिया। बच्ची की मां सुमन (30) ने बताया कि 13 साल पहले उसकी बर्डोद निवासी नरेंद्र जाट के साथ शादी हुई। शादी के बाद नरेंद्र उसके चरित्र पर शक करते हुए मारपीट करता था। इस दौरान कई बार उसने मुझे घर से निकला दिया। 2 महीने पहले नरेंद्र ने एक बार फिर उससे मारपीट की। जिस पर वह अपनी छोटी बेटी वंशिका (6) को लेकर नारनौल (हरियाणा) चली गई। वहीं बेटी का स्कूल होने के चलते वह बोंद में ही थी। पति ने धारदार हथियार ने विनीता की हत्या कर दी। इसके बाद ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड की कोशिश की। प्रथम दृष्टया सामने आया कि पिता ने ही अपनी बेटी की हत्या की है। बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी ने ट्रक के सामने सुसाइड करने का प्रयास किया। मगर वह बच गया। परिवार के लोग उसे घायल अवस्था में लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। हालांकि अभी उसकी स्थिति सामान्य है। बच्ची के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। शव को मां को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की बीएस-6 मानक की राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश का ड्रीम प्रोजेक्ट का कार्य लगभग पूरा, आर्थिक विकास में लगेंगे चार चांद

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने गुरुवार को सचिवालय में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है, वहीं परियोजना क्षेत्र में करीब 81 प्रतिशत काम हो गया है। उन्होंने रिफाइनरी के शेष बकाया कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। टी. रविकांत ने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इससे प्रदेश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में चार चांद लग जाएंगे। एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा पचपदरा (बाड़मेर) में 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की बीएस-6 मानक की अत्याधुनिक राजस्थान रिफाइनरी के काम में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से पेट्रो उत्पाद पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त पेट्रोकेमिकल उत्पाद पॉली प्रोपलीन, ब्यूटाडीन, एलएलडीपीई, एचडीपीई, बेंजीन और टोलूइन आदि सह उत्पाद के क्षेत्र में निवेश आयेगा। इससे औद्योगिक निवेश के साथ ही रोजगार और राजस्व की बढ़ोतरी होगी। एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलाकर विखार और कार्यकारी निदेशक रेजी मेथ्यू ने बताया कि रिफाइनरी निर्माण कार्य और मैकेनिकल कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी द्वारा सीएसआर के तहत क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि से जुड़े कार्य भी कराये जा रहे हैं। अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने बताया कि रिफाइनरी में विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार होंगे।

जयपुर डिस्कॉम की समीक्षा

## उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना प्रत्येक निगम कार्मिक की जिम्मेदारी-चेयरमैन डिस्कॉम

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



चेयरमैन डिस्कॉम्स एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण निचले स्तर तक प्रत्येक निगम कार्मिक की जिम्मेदारी है। सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही तथा निगम हितों के प्रतिकूल व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डोगरा गुरूवार को विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में जयपुर विद्युत वितरण निगम के सभी वृत्त अधीक्षण अभियंताओं के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बिजली आम उपभोक्ता की आवश्यकता से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवा है। फील्ड में कार्यरत अधीक्षण अभियंता यह सुनिश्चित करें कि मीटर बदलने, कनेक्शन, बिजली आपूर्ति बहाल करने जैसे कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को परेशान न होना पड़े। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि कुसुम योजना किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति करने तथा पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इन योजनाओं की निचले स्तर तक मॉनीटरिंग करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंताओं को नियमित रूप से एक्सईएन तथा एईएन कार्यालयों, स्टोर, ग्रिड सब स्टेशनों तथा विद्युत फीडर्स का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इससे उन्हें विद्युत तंत्र में अपेक्षित सुधारों को लागू करने और कमियों को दूर करने का मौका मिलेगा। डोगरा ने इस दौरान सर्किल वार एटी एंड सी लॉसेज, रिकवरी, मेटेरियल की उपलब्धता, बकाया कनेक्शन, ट्रांसफॉर्मर बदलने, उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण, पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना आदि की समीक्षा की। बैठक में निदेशक तकनीकी एस एस नेहरा, सचिव (प्रशासन) नरेश सिंह तंवर, जयपुर, जोन के संभागीय मुख्य अभियंता आर के जीनवाल, भरतपुर जोन के संभागीय मुख्य अभियंता उमेश गुप्ता, कोटा जोन के संभागीय मुख्य अभियंता जी एस बैरवा, मुख्य लेखा नियंत्रक एके जोशी, योगेन्द्र राठौड़ सहित सभी सर्किलों के अधीक्षण अभियंता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख शासन सचिव देर रात अचानक पहुंची जनाना एवं महिला चिकित्सालय, स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर एवं पेशेंट फ्रेंडली बनाने के दिए निर्देश

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने गुरुवार देर रात जनाना अस्पताल एवं सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने एवं पेशेंट फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। राठौड़ रात करीब 8.30 बजे अपने कार्यालय से रवाना होकर अचानक जनाना अस्पताल पहुंचीं और करीब 9.30 बजे महिला चिकत्सालय पहुंची। उन्होंने वहां सामान्य वार्ड, आईसीयू, लेबर रूम, एनआईसीयू सहित विभिन्न इकाइयों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि रोगियों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। रात के समय भी अपनी पारी के अनुसार सीनियर डॉक्टर भी उपस्थित रहे। आपातकालीन स्थिति में आने वाले रोगियों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाए। राठौड़ ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त संख्या में गार्ड लगाएं जाएं। महिला अस्पताल में यथा संभव महिला गार्ड लगाएं जाएं। अस्पताल में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर नजर रखी जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। प्रमुख शासन सचिव ने अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था में और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो। महिला और पुरुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के अलग टॉयलेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों की एनर्जी ऑडिट भी किया जाना सुनिश्चित करें। अस्पतालों में समय समय पर विद्युत संचालित उपकरणों की मेंटीनेंस करवाया जाए। परिसर में बिजली के तार व्यवस्थित रूप से हों। राठौड़ ने महिला चिकित्सालय में आईसीयू की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यहां चल रहे निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक एकेडमिक चिकित्सा शिक्षा डॉ. रश्मि शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## जेडीए ने चार स्थानों पर बनाये गये अवैध व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भवनों को किया सील

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**



जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड़ पर ग्रीन पार्क योजना के भूखण्ड संख्या-एस-1 से एस-10 तक में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी 05 अवैध दुकानो की नियमानुसार पुख्ता सील किया गया। जोन-पीआरएन-नोर्थ में गोकुलपुरा कालवाड रोड तिलक विहार के भूखण्ड संख्या 35-36 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के सेट बैक वायलॉज का गम्भीर उल्लघंन कर बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग, जोन-07 में सिरसी रोड आफिर्सस कैम्पस के भूखण्ड संख्या 145-146 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावासयिक प्रयोजनार्थ सेट बैक वायलॉज का गम्भीर उल्लघंन कर किये गये अवैध निर्माण एवं जोन-12 में सरना डूंगर बालाजी विहार 63 बड की ढाणी के पास जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने 04 अवैध कारखाने/गोदामों की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़ ग्रीनपार्क योजना के भूखण्ड सख्या-एस-01 से एस- 10 तक में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावयायिक प्रयोजनार्थ करीब 100म25 फिट मे 05 अवैध दुकानों का निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर उक्त अवैध दुकानों के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटरों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गइ। जेडीए द्वारा जोन पीआरएन-नोर्थ क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम गोकुलपुरा कालवाड रोड तिलक विहार के भूखण्ड सख्या 35-36 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के सेट बैक वायलॉज का गम्भीर उल्लघंन कर 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग के निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर उक्त अवैध बिल्डिंग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

## सलुम्बर मुख्य डाकघर में आधार पंजीकरण एवं अद्यतिकरण हेतु विशेष काउंटर की व्यवस्था

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सलूंबर**

सलुम्बर जिले के समस्त नागरिको को आधार सम्बंधित सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु डाक विभाग द्वारा सलुम्बर मुख्य डाकघर में विशेष काउंटर प्रारंभ किया गया है द्व जिसमे प्रत्येक वर्ग के लोगो को आधार पंजीकरण एवं अपडेशन की सुविधा प्रदान की जा रही है द्वनिरीक्षक डाक सलुम्बर ने बताया कि, आमजन के मध्य आधार सम्बंधित समस्याओं को देखते हुए एवं समस्त नागरिकों को आधार सुविधा प्रदान करवाने हेतु मुख्य डाकघर सलुम्बर में विशेष काउंटर प्रारंभ किया गया है द्व जिसमे नया आधार बनाना नि: शुल्क है एवं निर्धारित शुल्क के साथ अपडेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है

## चन्दा जी का गुड़ा में पेंथर ने किया गाय का शिकार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लसाड़िया**

लसाड़िया उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चन्दा जी का गुड़ा के आमलीफला में देर रात पेंथर ने एक गाय पर हमला किया। जिसकी मौके पर मौत हो गई। सरपंच विरम लाल मीणा ने बताया कि आमलीफला निवासी नाथु पिता सवा मीणा के बाड़े में रात को पेंथर ने गाय पर हमला कर दिया। सुबह उठने पर पता चला की गाय कि मौत हो गई। सुचना पर दाणीतलाई वन विभाग के वनपालहिम्मत सिंह राठोड़ मय टीम मौके पर पहुंच कर मौका पर्चा बनाया। ग्रामीणो ने मुआवजे की मांग की है। पुलिस थाना कूण में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जलझूलनी एकादशी पर नगर में निकलेगी राम रेवाड़ी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सलूंबर**

समाजसेवी इंद्रजीत सोनी ने बताया कि नगर में जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को राम रेवाड़ी निकाली जाएगी। नगर के 17 18 ठाकुर जी के मंदिर से ठाकुर जी रेवाण में विराजित होकर नगर भ्रमण को निकलेंगे। जो सभी राम रेवाड़ी रावली पोल में इकट्ठी होकर सेरींग तालाब के लिए प्रस्थान करेगी और शेरिंग तालाब पर ठाकुर जी को स्नान व आरती कराई जाएगी । बाद में सेरिंग तालाब से रेवाण शोभा यात्रा के रूप में नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुऐ गांधी चौक स्थित बड़ा गणपति मंदिर पर सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## घुमावदार मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, एक की मौत,दूसरा घायल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोगुंदा**

जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र के लाम्बाहल्दू मोड़ पर एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार युवक के सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। वही साथ बैठा अन्य युवक घायल हो गया। कोटड़ा थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह चंपावत ने बताया कि गांधीसरना निवासी मृतक बदा पुत्र मसरू जाति गमार उम्र 30 गुरुवार शाम अपनी बाइक से जोगीवड़ गाँव में अपने रिश्तेदारों के यहाँ से वापस घर लौट रहा था। कि कोटड़ा- उदयपुर मार्ग पर लाम्बाहल्दू के निकट मोड़ में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। हादसे में बदा के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वही बाइक के पीछे बैठे गुजरात देमती निवासी कालू पुत्र फता परमार घायल हो गया। हादसे की सूचना पर कोटडा पुलिस मौके पर पहुँची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक के परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव सुपुर्द किया। वही घायल युवक का कोटड़ा सीएचसी में उपचार करवाकर उसे रैफर कर दिया।

## जेवाणा में बिजली की लाइन टूटी,चपेट में आई आधा दर्जन भैसों की मौत,पूर्व सरपंच ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा फतहनगर**

फतहनगर थानान्तर्गत जेवाणा में गुरूवार को बिजली की लाइन के टूट जाने से उसकी चपेट में आकर आधा दर्जन भैंसों की मौत हो गयी। ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच देवकिशन लौहार ने बताया कि उसकी भैंसे खेत पर चर रही थी। अचानक पास के एक खंभे पर तार टूटा जिससे उसके खेत में से गुजर रही हाई वाल्टेज की लाइन के तार नीचे हो गए तथा दो भैंसों को वे तार छू गए जिससे दोनों भैंसों ने दम तोड़ दिया। इसी दरम्यान दूसरी चार भैंसे भी उनके नजदीक आकर इसकी चपेट में आ गयी तथा वे भी मौत का ग्रास बन गयी। खेत पर और भी भैंसे चर रही थी जिन्हें पत्थर फैंक कर दूर भगाया अन्यथा और भैंसे भी मर जाती। जेवाणा जी.एस.एस पर फोन किया लेकिन वहां कार्यरत व्यक्ति ने



कॉल अटेंड नहीं किया। यदि समय रहते विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती तो चार भैंसे बच सकती थी। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि लाइन पुरानी थी जिससे पिछले दिनों एक कनेक्शन किया गया। उस दरम्यान लापरवाही से तार ठीक से नहीं कसे गए जिससे यह हादसा हो गया। लौहार ने बताया कि चार भैंसे दुधारू थी जबकि दो भैंसे अगले महिने ब्याहने वाली थी। आधा दर्जन भैंसों के मारे जाने से 6 से 7 लाख का नुकसान हुआ है। लौहार ने बताया कि विद्युत विभाग के सहायक अभिंयता ने भी मौका देखा। उन्हें भी स्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा पशु चिकित्सक ने भैंसों का पोस्टमार्टम किया।

## वित्तीय साक्षरता,सुरक्षा एवं आरबीआई 90 क्विज कार्यशाला सम्पन्न

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नाथद्वारा**

नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित ऑनलाइन क्वीज हेतु वितीय साक्षरता केंद्र प्रतिनिधि राजसमन्द क्षेत्र प्रबंधक(क्रिसिल फाउंडेशन)खमनोर ललित पुरोहित ने छात्र-छात्राओं को भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं यथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में जानकारियां दी साथ ही विभिन्न बीमा, नॉमिनी एवं अन्य



महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता द्वारा बताया गया कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया के 90 वर्ष पूरे होने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों हेतु एक ऑनलाइन क्विज सितंबर 2024 में ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है जिसमें 1 लाख से 10 लाख रुपए तक के स्टेट, जोनल और राष्ट्रीय स्तर तक के इनाम रखे गए हैं। उद्बोधन में महाविद्यालय के 55 ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक से जिला लीड मैनेजर प्रेम शंकर जीनगर,अतिरिक्त जिला लीड मैनेजर ऋतु अग्रवाल सहित संस्थान के व्याख्याता और विद्यार्थी मौजूद थे।

## उदयपुर के प्रभारी मंत्री मीणा ने ली समीक्षा बैठक

# शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा

### बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की जानी प्रगति, भूमि आवंटन प्रकरणों के जल्द निस्तारण की हिदायत

### फसल खराबे की धरातलीय रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**

जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व व उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने गुरूवार को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक ली। लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, जिला प्रमुख ममता कुंवर और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा की उपस्थिति में हुई बैठक में प्रभारी मंत्री मीणा ने शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को राज्य सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और समस्त अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणा क्रियान्वयन की प्रगति, वर्षाजनित कारणों से क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन, स्वास्थ्य केंद्र भवनों, सड़क, नहर, पुलिया आदि के मरम्मत प्रस्तावों, फसल खराबा आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री अरविन्द पोसवाल ने सभी अधिकारियों को बैठक में दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### विभागीय अधिकारियों में हो समन्वय- सांसद

*समीक्षा बैठक दौरान सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने शिक्षा और चिकित्सा से संबंधित संस्थानों में अपेक्षित सुधार के लिए प्रभारी मंत्री को सूची सौंपते कार्यवाही प्रस्तावित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि समग्र लोकहित में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी प्रयास करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्विति के संबंध में विभिन्न विभागीय अधिकारियों में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभागीय अधिकारियों को कम वर्षा के कारण चावल की फसल और अधिक वर्षा के कारण सोयाबीन की फसल में हुए खराबे के कारण बगैर बीमा वाले 85 प्रतिशत किसानों के बारे में सोचने का सुझाव दिया।*

### स्कूल, अस्पतालों का लिया फीडबैक

बैठक में प्रभारी मंत्री मीणा व सांसद डॉ रावत ने जिले में वर्षा जनित कारणों से प्रभावित विद्यालयों, अस्पताल भवनों की जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागों को आपदा राहत के तहत विस्तृत मरम्मत प्रस्ताव जल्द से जल्द भिजवाने के लिए पाबंद किया। मीणा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसमें किसी तरह की कौताही नहीं बरती जाए। उन्होंने बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलिया, नहर सहित अन्य संरचनाओं की भी जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

### अधिकारी रखें संवेदनशीलता

प्रभारी मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। बांध-तालाब भर चुके हैं। कई जगह पुलिया-रपट पर पानी चल रहा है। वर्षाजनित कारणों से कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने की जरूरत है। जहां आवश्यक हो, वहां माकूल बंदोबस्त किए जाएं।

### फसल खराबे का हो धरातलीय आंकलन

बैठक में प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा ने बारिश के चलते फसल खराबे की स्थिति की भी समीक्षा की। एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग की ओर से गिरदावरी चल रही है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक तौर पर अलग-अलग ब्लॉक में 2 से 30 प्रतिशत तक के खराबे का आंकलन बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील हैं। उन्होंने जिला कलक्टर को फसल खराबे का धरातलीय आंकलन कराकर रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

### सरकार की मंशा, समय पर हों कार्य- प्रभारी मंत्री

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी और सरकार की मंशा स्पष्ट है। लोकसभा चुनाव के कारण बजट देरी से आया, ऐसे में समय कम है। विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय रखते हुए कार्य करें। सभी कार्य समय पर पूरे होने चाहिए। उन्होंने बजट घोषणाओं को लेकर जमीन आवंटन की स्थिति जानी। कुछ प्रोजेक्ट में जमीन आवंटन प्रस्ताव लंबित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला कलक्टर पोसवाल को स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए प्रस्ताव जल्द तैयार करा आवंटन की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम दीपेन्द्र सिंह ने 15 बजट घोषणाओं में से 8 में भूमि आवंटित हो जाने और अन्य में प्रगति के बारे में अवगत कराया।

### वर्षाजनित समस्याओं की दी जानकारी

समीक्षा बैठक दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण सड़क, पुलियाओं और विद्यालयों के क्षतिग्रस्त हो जाने की स्थिति की जानकारी दी और अधिकारियों को इस बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली ने उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के प्रतिनिधि के तौर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों किनारे पानी जमा होने की स्थिति के बारे में बताया और इससे सड़क क्षतिग्रस्त होने की संभावनाओं को देखते हुए पानी की निकासी की व्यवस्था करने का आग्रह किया। इस पर कलक्टर पोसवाल ने नगर निगम और यूडीए को अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों पर पानी निकासी के लिए टीमों को तैनात करने के निर्देश दिए।

### विभागवार की समीक्षा

बैठक में प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं, वर्षाजनित कारणों से क्षतिग्रस्त संरचनाओं आदि को लेकर विभागवार फीडबैक लेते हुए समीक्षा की। प्रारंभ में जिला कलक्टर ने प्रभारी मंत्री तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमेंद्र नागर ने सांसद डॉ रावत का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, जिला परिषद सीईओ हेमेन्द्र नागर, स्मार्टसिटी एसीईओ कृष्णपालसिंह चौहान सहित सभी विभागीय अधिकारीगण, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली व चंद्रगुप्तसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार उत्सव को लेकर दिए निर्देश

बैठक में जिला कलक्टर ने आगामी 17 सितम्बर को नगर निगम स्थित सुखाड़िया रंगमंच सभागार में प्रस्तावित रोजगार उत्सव को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यकाल के दौरान नियुक्त पाने वाले सभी अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह आयोजित होना है। इसके लिए कार्मिक विभाग से विभागवार सूचियां जारी की रही हैं। सभी संबंधित विभाग नवनियुक्त अभ्यर्थियों की उपस्थिति कार्यक्रम में सुनिश्चित करेंगे।

### शिलान्यास, लोकार्पण की भी मांगी सूचना

बैठक में जिला कलक्टर ने अवगत कराया कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश भर में वर्चुअली शिलान्यास एवं लोकार्पण किए जाने हैं। उन्होंने सभी विभागों से ऐसे कार्यों की अपडेट सूचना अविलंब उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

## पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्यं धर्म मनाया

### पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नृत्य ने बांधा समा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा फलासिया**

उदयपुर जिले के फलासिया तहसील मुख्यालय में स्थित पदमपभु दिगम्बर जैन मंदिर में दस लक्षण महापर्व पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया समाज अध्यक्ष कुंदनलाल चांपावत ने बताया कि इस अवसर मुलनायक भगवान पदमपभु भगवान का समाज जनों ने विशेष पूजा अर्चना के बाद पंचामृत अभिषेक मंत्रोच्चारण शांति धारा का आयोजन हुआ भगवान पदमप्रभु शांतिधारा का सौभाग्य भरत कुमार शाह परिवार द्वितीय शांतिधारा भगवान चन्दा प्रभु की सौभाग्य सुंदरलाल सागोटीया परिवार ने लिया इससे पूर्व शाम आरती के बाद सभी भक्त जनों ने भजनों का लुत्फ उठाया एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी इसके बाद स्वाध्याय प्रकाश चन्द्र चांपावत द्वारा उत्तम शौच धर्म के बारे में संक्षेप में बताया इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी नृत्य



प्रतियोगिता मे निणार्यक सुनील जैन कुलदीप जैन कमलेश जैन संगीता कोड़ियां द्वारा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान गजल शाह व द्वितीय स्थान इशिता तृतीय स्थान ख्वाहिश ने प्राप्त किया व सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दीया जैन द्वितीय स्थान सुहानी जैन तृतीय स्थान यशवी जैन ने प्राप्त किया जिसके बाद तीन ताली डंडियां रास डांस हुआ इस दौरान उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पंचोली महामंत्री जितेंद्र शाह रौनक देवावत कार्यक्रम का संचालन विपिन जैन पवन धन्नावत ने किया।

## नवयुवक मंडल पुठोली द्वारा गणपति महोत्सव में महाआरती, शनिवार को होगा छप्पन भोग

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चित्तौड़गढ़**



चित्तौड़गढ़ के हर गली मोहल्ले में गणपति महोत्सव की धूम मची है वही, रामदेव मंदिर , नयी आबादी, पुठोली में नव युवक मंडल द्वारा 10 दिवसीय गणपति महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है इस दौरान प्रतिदिन संध्या आरती के बाद विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान डांडिया, खेल-कूद प्रतियोगिताओं, भजनों का आयोजन किया जा रहा है नवयुवक मंडल द्वारा कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है नव युवक मंडल द्वारा बताया गया कि 14 सितम्बर, शनिवार को महा आरती के बाद छप्पन भोग का आयोजन रखा गया ह

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, अधिकारी समझें इसकी गंभीरताः प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा ने ली अधिकारियों की बैठक

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सलूंबर**



जिला प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने गुरूवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ आमजन को हर क्षेत्र में लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने कहा कि सलूंबर जिले में आमजन से जुड़े किसी भी कार्य एवं परिवेदनाओं के निस्तारण में देरी ना करें। उन्होंने कहा कि आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में अधिकाधिक पात्र लोगों को प्राथमिकता से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो। आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाए। प्रभारी मंत्री जिले से संबंधित घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन के कार्य के पश्चात् बजट घोषणाओं के कार्यों को शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में वर्षा के कारण हुई क्षति की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर राज्य स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित कराने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विस्तार से सभी कार्यों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनिकट, नहरों एवं अन्य राजकीय सम्पत्तियों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात का तहसीलवार आंकड़ा उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, कैनाल और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट दी जाए। साथ ही गिरदावरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, जिससे नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली और उन्होंने 17 सितंबर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर किया जाए। उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि बजट घोषणाओं की विशेष मॉनिटरिंग की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रभारी मंत्री को सम्पूर्ण जिले की जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की क्रियान्विती से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत, जलदाय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रभारी मंत्री को बजट घोषणा के तहत भूमि आवंटन, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों, जिले में हुई वर्षा एवं बांधों के जलभराव की स्थिति एवं मानसून के दौरान क्षति की सूचनाओं आदि की जानकारी दी। बैठक में जिला कलक्टर ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए शीघ्र सभी कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। इस दौरान संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, आस्था रानी बामणिया,जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, डीओआईटी जीवन राम मीणा, एलडीएम प्रवीण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आयोग किसानों और सरकार के बीच की कड़ीः सी आर चौधरी

## जैविक और कम पानी की खेती की ओर बढने की आवश्यकताः जिला कलक्टर

## किसानों ने खुल कर रखी बात, समाधान का दिया आश्वासन

### किसान आयोग ने किया कृषकों से संवाद

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सलूंबर**




राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि किसान आयोग किसानों और सरकार के बीच की कड़ी है। कृषक संवादों के माध्यम से जो समस्याएं सामने आ रही है, आयोग उन्हें सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान कराने के लिए प्रयासरत है और राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों की खाद, बीज, सिंचाई, अनुदान, बिजली सहित समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति संकल्पबद्धता के साथ की जा रही है।

चौधरी ने गुरूवार को सलूंबर पंचायत समिति परिसर स्थित सभागार में कृषक संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के प्रति पूर्णतया संवेदनशील हैं। उनका मानना है कि किसान खुशहाल तो देश खुशहाल। किसान का खेत हरा होगा तो सभी का पेट भरा होगा और खेत सुखा होगा तो हर कोई भूखा होगा। इसलिए सरकार लगातार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाकर क्रियान्वित कर रही है। किसानों की हर छोटी से छोटी समस्या को भी गंभीरता से लिया जाता है और उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा बताई जा रही समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग पूर्णतः सजगता से कार्य कर रहा है। किसान आयोग सरकार एवं किसानों के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है। आयोग किसान हितेषी के सुझावों से राज्य सरकार को अवगत कराएगा। आयोग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के किसानों को उद्यमी बनाकर उनकी आय वृद्धि कर उनके जीवन को खुशहाल बनाना है।

### किसानों ने रखी अपनी बात

कृषक संवाद कार्यक्रम में किसानों ने राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी के समक्ष अपने सुझाव, आवश्यकताएं एवं मांगों को प्रस्तुत किया। किसानो ने कहा कि जैविक प्रमाणिकरण जिला स्तर पर होना चाहिए और कहा कि मंडियों का विस्तार एवं सुदृढीकरण किया जाना चाहिए और जैविक कृषि के तहत अनुदान दिया जाना चाहिए। किसान को फसल बीमा क्लेम का भुगतान समय पर किया जाना चाहिए। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बड़े डेयरी प्लांट को लगाया जाए, बागवानी को बढ़ावा देने के लिए आम की फसल बीमा को जनवरी से जून तक किया जाए, फसल खराबा में जो वंचित रहे उन्हें मुआवजा त्वरित दिलाया जाए, फसल बीमा का पूरा लाभ दिलवाया जाए, सहकारी समिति पर समय पर खाद उपलब्ध करवाया जाए, गोबर संयंत्र की स्थापना हो, नवीन बीज एवं फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जाएं, बीमा ऐच्छिक किया जाए, कुओं का गहरीकरण किया जाए, बकरी एवं भैंसों का भी बीमा किया जाए। इसी प्रकार कई किसानों ने कृषि नवाचार, सुधार, बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के संबंध में संवाद किया। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने आयोग अध्यक्ष सहित सदस्यगणों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषक संवाद जैसे आयोग शासन और किसानों के मध्य सेतु का कार्य करेगा तथा किसानों की बात सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने संवाद के दौरान सामने आई विभिन्न समस्याओं पर बिन्दूवार चर्चा करते हुए कहा कि कृषक भूमि का ट्रस्टी है उसे जमीन पूर्वजों से उपजाउ हालत में मिली है। इसलिए उसकी नैतिक जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढी को वह भूमि को उसी प्रकार उपजाउ स्थिति में सौंपे। इसके लिए जरूरी है कि रसायनों और कीटनाशकों का इस्तेमाल क्रमिक रूप से कम करते हुए जैविक खेती की ओर कदम बढाए जाएं। उन्होंने कम पानी की आवश्यकता वाली खेती पर भी फोकस करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को ड्रीप संयंत्र, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को बढावा देने की बात कही।

### सुझाव पत्रक में किसानों ने दिए सुझाव

कृषक संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित कृषकों को जनकल्याणकारी किसान योजना पुस्तिका के साथ ही सुझाव पत्रक विपरीत किए गए हैं जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों के बारें में अंकित किया है।

### कृषि उपकरण और स्वीकृतियो का किया वितरण

कार्यक्रम के दौरान किसानो को एग्रीकल्चर नेपसेक स्प्रेयर कीट का किया वितरण और साथ ही चैक और फार्म पोंड, केटल शेड, पाइप लाइन, तारबंदी की स्वीकृतिया जारी की गई और फसली ऋण के चैक वितरीत किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन गोस मोहम्मद कृषि विभाग ने किया और अतिरिक्त निदेशक कृषि बी एल पाटीदार ने कृषक सवांद कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभागार में बड़ी संख्या में कृषक एवं पशुपालक मौजूद रहें। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, अतरिक्त निदेशक बी एल पाटीदार, सहायक निदेशक कृषि गोस मोहम्मद, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, पशुपालन विभाग हरिकेश मीणा, उधानिकी विभाग पुरुषोत्तम भट्ट सहित विभागीय अधिकारीगण-कर्मचारीगण मौजूद रहे और दिवंगत विधायक के पुत्र अविनाश मीणा सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## 68 वी ज़िला स्तरीय सॉफ्टबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**

सलूंबर ज़िले में 14 वर्षीय बालक सॉफ्टबॉल ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता का राजकीय विद्यालय दातरड़ी में समापन हुआ। दातरडी के शारीरिक शिक्षक जयदीप सिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच करावली व दातरडी के मध्य खेला गया जिसमें करावली विजेता रही । समापन समारोह में सरपंच गंगा देवी मीणा, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक करावली प्रधानाचार्य डॉ विजय चौधरी, कडूँनी पीईईओ नंदिनी राठौड, डायालाल मीणा, भग्गा लाल व उपस्थित अतिथियों ने विजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली के कप्तान सक्षम चौधरी व कोच प्रकाश चंद्र सुथार और उपविजेता राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दातरडी के कप्तान हितेश और कोच जयदीप सिंह चौहान को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मैच निर्णायक प्रकाश सुथार, जयदीप सिंह चौहान, व धर्मेंद्र चौबीसा, नंनगाराम को स्मृति चिन्ह प्रदान किए

## सदस्यता अभियान के सलूम्बर विधानसभा के प्रभारी बने देवेन्द्र सिंह बस्सी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड एवं भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयपुर देहात चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, भाजयुमो उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान 2024 विधानसभा प्रभारी की घोषणा की गई है।जिसमे सलूम्बर विधानसभा के प्रभारी पद पर देवेंद्र सिंह बस्सी को नियुक्त किया है।

## गोगुंदा के छात्रों ने कुश्ती प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम किया रोशन



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोगुंदा**

पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोगुंदा के छात्रों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोड़ियात द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह प्रतियोगिता चतुर्भुज हनुमान व्यायाम शाला में आयोजित की गई थी, जिसमें स्कूल के छात्रों ने खेल कौशल का बेहतरीन परिचय दिया। शारीरिक शिक्षक संगीता नाहर ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में हर्षित तेली,रोहित तेली,सुरेन्द्र तेली और ट्वेन्द्र तेली ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि दो अन्य छात्रों ने कांस्य पदक हासिल किया। इन छात्रों की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार सुथार और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि इन चार स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। यह सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए खेलों में रुचि और प्रेरणा का स्रोत भी बनी है।

## गोगुंदा एसडीएम कार्यालय पर शांति समिति और सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोगुंदा**

कस्बे के उपखंड कार्यालय पर जलझूलनी ग्यारस, गणेश विसर्जन, समुद्र उद्यापन महोत्सव और बारावफात के त्योहारों को लेकर शांति समिति और सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम डॉक्टर नरेश सोनी ने की, जिसमें त्योहारों को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में गिर्वा डीवाईएसपी गजेंद्र सिंह, तहसीलदार ओम सिंह लखावत, थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत और गोगुंदा के उप सरपंच लालकृष्ण सोनी, वार्ड पंच कमलेश तेली, सुरेश सोनी, विनोद तेली, सुरेश लोहार, जसपाल सिंह व हरीश चौधरी, सदर शब्बीर खान, शरीफ खान समेत सीएलजी और शांति समिति के सदस्य मोजूद रहे।

## पर्युषण पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लसाड़िया**



श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कूण में पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना की गई। प्रातः काल श्रीजी का पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य विजेन्द्र कुमार मोहन लाल पटवा परिवार धरियावद वाले द्वारा प्राप्त किया गया। उसके बाद पन्डित प्राशुक जैन द्वारा उत्तम सत्य के बारे मैं प्रवचन किया। जिसमें श्रावकों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक बढ- चढ़कर हिस्सा लिया। रात्री को श्री जी की भव्य आरती व सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए।

## झाडोल व फलासिया के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने संस्थापन अधिकारी अनिल पालीवाल ने किया अभिनन्दन

### कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि


**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा फलासिया**



उदयपुर जिले के फलासिया तहसील मुख्यालय राजस्थान शिक्षा विभागीय सयुंक्त कर्मचारी संघ झाड़ोल व फलासिया के द्वारा सयुंक्त निदेशक कार्यालय उदयपुर के संस्थापन अधिकारी अनिल पालीवाल के सेवानिवृत्ति अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनजाति मंत्री बाबु लाल खराड़ी थे विशिष्ट अतिथि पूर्व देहात जिला अध्यक्ष भंवर सिंह पंवार मण्डल अध्यक्ष भोपाल सिंह शक्तावत संत सीताराम जी महाराज मंत्रालयिक कर्मचारी प्रदेश उपाध्यक्ष कमल प्रकाश बाबेल थे अध्यक्षता सीबीईओ लालूराम गरासिया ने की कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल मेघवाल व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी युगल किशोर जोशी ने दिया इस अवसर पर एसबीईओ डॉ बालगोपाल शर्मा ने कार्यालय द्वारा किये गए प्रयासों से मंत्री को अवगत करवाया व कार्यालय की प्रेरणा से बनाये गये अखण्ड ज्योति स्टेच्यू का अनावरण भी मंत्री द्वारा किया गया कार्यक्रम में मनीष पुरोहित व जिला कार्यवाहक कालूलाल कलाल संजय मेहता का भी पाथेय प्राप्त हुआ इस अवसर फलासिया उपसरपंच रमेश पटेल फतुभाई पटेल महिला मंडल अध्यक्ष कृष्णा देवी शोभा देवी समाजसेवी मुकेश पालीवाल भाजयुमो अध्यक्ष पुरण सिंह पंवार भगवंत सिंह अन्य भाजपा नेता मौजूद रहें धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने दिया संचालन प्रकाश टोकरिया ने किया।

## कदमाल गांव में मकान की छत पर मिला पैंथर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा गोगुंदा**



जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र के कदमाल गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक मकान की छत पर पैंथर को सोते हुए देखा। घटना गोमा मंगरी इलाके की है, जहां रतनलाल मेघवाल के घर की छत पर अचानक एक पैंथर सोता हुआ नजर आया। पैंथर को देखकर रतनलाल घबरा गए और तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पैंथर की हालत गंभीर लग रही थी, क्योंकि वह न तो उठ पा रहा था और न ही भागने में सक्षम था। इसके बाद रतनलाल ने वन विभाग को तुरंत सूचना दी। सूचना मिलने पर बड़ौदा चौकी से गजेंद्र सिंह, लाल सिंह चौहान ,फॉरेस्ट गार्ड राजकुमार मेनारिया व देवू देवी मौके पर पहुंचे और पैंथर की हालत की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। शीघ्र ही शूटर दुर्गा प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां पैंथर ग्रामीणों को देखकर छत से कूद कर एक चट्टान पर जाकर बैठ गया। जिसके बाद शूटर ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज़र कर बेहोश किया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से पैंथर को पिंजरे में डालकर सुरक्षित उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजी पार्क चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि पैंथर तेज बुखार से ग्रसित था।

## जेसीआई वीकः युवाओं का सर्वे, प्रतिभा सम्मान और नए सदस्य किए शामिल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चित्तौड़गढ़**




जेसीआई चित्तौड़ चेतक द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम ' डायमंड जेसीआई वीक ' के चौथे दिन कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेसीआई चित्तौड़ चेतक अध्यक्ष सीए बी.के.डाड ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत नेशनल यूथ सर्वे के साथ हुई, जिसमें सभी संस्था सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जेसीआई भाटिया शौर्य के संस्थापक कुश गुरबानी की प्रेरणा से शुरू किए गए इस सर्वे में अब तक कई लोगों ने इसमें भाग लिया है और बताया कि यह सर्वे हमारे युवाओं के विचारों को राज्य व केंद्र सरकार तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। और इसके बाद, प्रतिभा पुरस्?कार के तहत बिरला शिक्षा केंद्र के दो मेधावी छात्रों - आदित्य पराशर और दर्शित नियति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य और जेसीआई सदस्य रेखा यादव भी उपस्थित थीं। जिनके अनुसार यह पुरस्कार विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सम्मानित करने का प्रयास है, जिससे अन्य छात्र भी प्रेरित हो सकें। इसी कार्यक्रम के दौरान संगठन में दो नए डायमंड सदस्यों - आकाश दुदानी और संकते पोखरना का स्वागत किया गया, अंत में आरएनटी लॉ कॉलेज में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिसमें कानूनी पेशेवरों और विधि छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 95 लोग उपस्थित थे। ज़ोन उपाध्यक्ष श्रेयांश सिसोदिया और कार्यक्रम निर्देशक प्रतीक काबरा और गौरव शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सचिव अंकित पगारिया ने सभी उपस्थितों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए टीम की सराहना की।

## दिवेर विजयोत्सव स्मृति दिवस पर निबंध प्रतियोगिता और गोष्ठी का आयोजन

### बीएन कन्या इकाई में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**



भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय की एन एस एस इकाई की ओर से दिवेर विजयोत्सव स्मृति दिवस पर निबंध प्रतियोगिताऔर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिहं राठौड़ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए दिवेर विजय के संबंध में जन जागरूकता का आह्वान किया और कहा कि यह दिवस हमारे लिए गौरव का क्षण है। दिवेर युद्ध, एक ऐसा युद्ध जिसमें मेवाड़ की सेना ने 36 हज़ार मुगल सैनिकों को भागने पर मजबूर कर दिया था। इस युद्ध की विजय गाथा आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज है। दिवेर का युद्ध 1582 में हुआ था। इस युद्ध में मेवाड़ के राजकुंवर अमर सिंह प्रथम और मुगल सेना के बीच लड़ाई हुई थी। इस युद्ध में मुगल सेना का कमांडर सुल्तान खान था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप के खोए हुए राज्यों को वापस पाने में सफलता मिली थी। हालांकि, नई पीढ़ी मेवाड़ के इस शौर्य से अच्छी तरह परिचित नहीं है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने प्रतिवर्ष दिवेर विजय स्मृति दिवस मनाने का निर्णय लिया है। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ.शिल्पा राठौड़ ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि निबंध के माध्यम से हमारी लेखन क्षमता का विकास होता है। महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ लोकेश्वरी राठौड़ ने बताया कि एनएसएस की स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. ज्योतिरादित्य सिंह भाटी ने निबंध प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि निबंध में विजय रहने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर और राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। संकाय सदस्य डॉ. मोहन सिंह राठौड़, डॉ. हुसैनी बोहरा आदि ने दिवेर विजय के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय चैयरपर्सन कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, विद्या प्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह आगरिया, कुलसचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा की दिवेर विजय के बारे में लोगों में जानकारी का अभाव है। इस तथ्य की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया जाना आवश्यक है। कर्नल जेम्स टॉड ने दिवेर के युद्ध को मैराथन ऑफ मेवाड़ की संज्ञा दी थी। मैराथन का युद्ध इसलिए कहा जाता है कि 490 ई.पू. मैराथन नामक स्थान पर यूनान केमिल्टियाड्स व फारस के डेरियस के मध्य युद्ध हुआ था। इस युद्ध में यूनान की विजय हुई थी। प्रसिद्ध इतिहासकार कर्नल टॉड ने महाराणा और उनकी सेना के शौर्य, युद्ध कुशलता को स्पार्टा के योद्धाओं सा वीर बताते हुए लिखा है कि वे युद्धभूमि में अपने से चार गुना बड़ी सेना से भी नहीं डरते थे। दिवेर में विजय स्थलीय स्मारक पर महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा 65 फीट ऊंचाई पर बनाई गई है।ये जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

## शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलना आवश्यक हैः प्रधान कमला परमार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नयागांव**



उदयपुर जिले की पंचायत समिति नयागांव की प्रधान कमला देवी परमार ने कहा कि जीवन में शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलना आवश्यक है। प्रधान परमार आज 68 वीं? जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खो - खो खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अनेला में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के पद से समारोह को सम्बोधित कर रहे थी। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक खो-खो खेल प्रतियोगिता का निर्णय बिना भेदभाव से करे। इसके साथ ही खेल में अनुशासन बनाये रखे। उन्होंने कहा कि वर्षा का समय है, टीम प्रभारी छोटे - छोटे खिलाड़ियों का ध्यान रखने का आग्रह किया। खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पंचायत समिति नयागांव की प्रधान कमला देवी परमार, अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नयागांव मन्ना लाल मेघवाल, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खेरवाडा प्रवक्ता गणेश मीणा,ग्राम पंचायत चितौडा के सरपंच लिम्बाराम गरासिया, ग्राम पंचायत सकलाल की सरपंच मीरा देवी अहारी, वकील रमेश अहारी थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मन्ना लाल मेघवाल ने विभाग की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस जिला स्तरीय खो -खो खेलकूद प्रतियोगिता में 69 टीमें एवं 828 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों में स्नेह एवं प्रेम की भावना पैदा होती है। मेघालय ने टीम प्रभारियों को निर्देश दिए की इस वर्षा के मौसम में जहाँ खिलाड़ी ठहरे हुए उनका पूर्ण ध्यान रखे। विशिष्ट अतिथि गणेश मीणा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत समिति नयागांव की ग्राम पंचायत चितौडा के एक छोटे से गांव अनेला के ग्रामीणों ने की है, यह एक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जिले की 69 टीमों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था ग्राम पंचायत के सरपंच लिम्बाराम गरासिया के नैतृत्व में अनेला गाँव के सभी ग्रामीणों के सहयोग से अच्छी व्यवस्था की इसके लिए सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि एवं ग्राम पंचायत चितौडा के सरपंच लिम्बाराम गरासिया ने अतिथियों का माला, पगड़ी एवं शाल ओढाकर स्वागत करते हुए कहा कि अनेला गाँव के ग्रामवासियों व भामाशाह पन्नालाल परमार का इस जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराने में हर प्रकार का सहयोग दिया तथा अतिथियों व इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के प्रभारियों, शारीरिक शिक्षकों, प्रधानाचार्या का धन्यवाद व्यक्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता समारोह में स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कमला देवी परमार ने झण्डा रोहण कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खो -खो खेलकूद प्रतियोगिता मुख्य अतिथि कमला देवी परमार ने खो -खो कर कनबई व खडकाईया के बीच प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें कनबई की टीम विजयी रही। समारोह को स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभुलाल पटेल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर उप सरपंच कालूराम बरण्डा,कन्हैयालाल बरण्डा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जय कृष्ण रावल, कल्पेश मीणा, ईश्वर लाल फनात, मोहनलाल खराडी, ईश्वर लाल पटेल, कमला शंकर दरंगा, दिनेश कुमार फनात, स्थानीय नागरिकगण, टीम प्रभारी, शारीरिक शिक्षक, खिलाड़ी उपस्थित थे।

# जिला प्रभारी मंत्री डीग सुरेश सिंह रावत ने ली अधिकारियों की बैठक

## भारी बारिश के कारण बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कर प्रत्येक किसान को दे राहत- रावत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा डीग**



जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री भरतपुर व डीग सुरेश सिंह रावत ने कहा कि जिले में बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण कई इलाकों में फसलें बर्बादी के कगार पहुंच गई हैं। उन्होंने इससे आहत हुए किसानों को राहत देने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अतिवृष्टि वाले सभी इलाकों की गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर मुहैया करवाए। इस दौरान रावत ने बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि भूमि आवंटन के कुल 23 प्रकरण है जिनमें से 10 प्रकरण के लिए आवंटन पूर्ण किए जा चुके हैं और 13 प्रकरण के आवंटन शेष हैं जिसे संबंधित विभाग गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पूरा करें। प्रभारी मंत्री गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार भरतपुर में डीग जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह एवं प्रभारी सचिव डीग वी सरवन कुमार मौजूद रहे। जिला कलेक्टर डीग हरि मोहन मीना ने बताया कि पशुपालन विभाग के बजट घोषणा 2024-25 में नवीन पशु चिकित्सालय बेढम के लिए भूमि आवंटन पूर्ण की जा चुकी है। ग्राम पंचायत बेढम द्वारा वर्ष 2021 में पशु उप केंद्र, बेढम के लिए 1000 वर्गगज का पट्टा जारी किया जा चुका है। प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय हेलक, कुम्हेर में भी भूमि आवंटन किया गया है। इसी प्रकार 33 केवी जीएसएस रसिया नगर, 132 केवी जीएसएस सेमली नगर, आयुर्वेदिक औषधालय खखावली, नगर पालिका, नगर का उच्च श्रेणी में क्रमोन्नयन, कार्यालय सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सीकरी, कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर, उप जिला स्तरीय चिकित्सालय कामां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोह, डीग में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। बैठक में डीग जिले में अतिवृष्टि के कारण जर्जर हुए विद्यालयों में मरम्मत के प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई। जिले में कुल 99 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है जिनकी मरम्मत 187.5 लाख रुपए से की जानी है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों का एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार परीक्षण किया जा रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारीयों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव दिनांक 17 सितंबर, 2024 मंगलवार को किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग में आयोजित किया जाएगा। उक्त उत्सव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण कराया जाने व उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, एसई जेवीवीएनएल बनवारी लाल वर्मा, एसई जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग रमेश, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी महेश शर्मा, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग विकास शर्मा, उपनिदेशक आईसीडीएस अर्चना पीपल, उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ भावना यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंघल, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला रसद अधिकारी रामचंद्र शेरावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर में स्वर्ण कलशों से किया श्रीजी का जलाभिषेक,विद्वान पंडितों में आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर धौलपुर में गुरुवार सुबह स्वर्ण कलशों से श्री जी का अभिषेक किया गया। अभिषेक करने का शौभाग्य पूरन चंद, विनय कुमार, राहुल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उत्तम सत्य धर्म पर बोलते हुए पंडित रोहित शास्त्री ने कहा कि यह हमें आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह जैन धर्म के दस प्रमुख लक्षणों या गुणों का उत्सव है। उन्होंने आगे कहा कि यह गुण सिखाता है कि हमें हमेशा सत्य बोलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में असत्य का सहारा नहीं लेना चाहिए। सत्य से आत्मा का विकास होता है और यह व्यक्ति को आत्मज्ञान की ओर करने का प्रयास करता है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य आत्मशुद्धि और आत्मज्ञान की प्राप्ति है। जैन धर्म में आत्मा की शुद्धि और मुक्ति की प्राप्ति के लिए इन दस लक्षणों का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवसर पर जैन समाज धौलपुर अध्यक्ष धनेश जैन, महामंत्री अमित जैन, धर्मशाला अध्यक्ष पवन जैन, प्रवास जैन, प्रदीप जैन, मेवाराम, दिलीप जैन, डालचंद जैन, रामभरोसी लाल, कैलाश प्रसाद, हरिश्चंद्र जैन, प्रकाश चंद आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने ली भाजपाइयों की बैठक



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय धौलपुर पर सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर ने जिला पदाधिकारी एवं सदस्यता अभियान के संयोजक, सहसंयोजक की बैठक को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर एवं राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरजा शर्मा ने साफा एवं दुपट्टा पहनाकर धौलपुर पधारने पर स्वागत किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विशम्भर दयाल शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाहा, गिर्राज सिंह मलिंगा, सुखराम कोली, नीरजा शर्मा, धीर सिंह जादौन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर अलका गुर्जर ने कहा कि गांव-गांव जाना है, हर घर भाजपा का सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने जो धौलपुर जिले का संकल्प लिया है, उससे भी अधिक सदस्य बनाने हैं। इस दौरान बैठक में अविनाश शर्मा, पूरण गुर्जर, राजू गुर्जर, ऋतिक वर्मा, बृजमोहन शर्मा, मुस्ताक कुरेशी, विशाल सिंघल, प्रदीप सिसोदिया, हेम सिंह बघेल, अशोक पचौरी, पुष्पेंद्र राजावत, पवन त्यागी, योगेश जादौन, दीपू कुशवाह, महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा, शशि त्यागी, नवीन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पानी निकालते समय कुंड में गिरा व्यक्ति, डूबने से मौत

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चूरू**

चूरू के सदर थाना के गांव घंटेल में एक व्यक्ति की खेत में बने कुंड में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर डीबी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। जहां गुरुवार को मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना के एएसआई गिरधारीलाल सैनी ने बताया कि घंटेल निवासी रणवीर सिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका चचेरा भाई रतनसिंह (42) बुधवार शाम खेत में बने कुंड से पीने के लिए पानी निकाल रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसलने से वह कुंड में? गिर गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। देर शाम तक जब रतनसिंह घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। जब परिजन खेत पर पहुंचे तो कुंड के पास रतनसिंह की चप्पल पड़ी देखी। कुंड में झांककर देखने पर अंदर शव पड़ा था। परिजनों व ग्रामीणों ने इसकी सूचना सदर पुलिस को दी। सदर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## मकान गिरने से 2 मासूम की मौत, हादसे में 4 लोग घायल

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

धौलपुर के सैंपऊ थाना क्षेत्र के गोगली गांव में जलभराव की वजह से एक मकान गिर गया। मकान के गिरने से उसमें मौजूद दो मासूम की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मासूम के शव अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाए गए हैं। हादसे को लेकर सैंपऊ थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि गोगली गांव में हुए जलभराव के बाद एक मकान भरभरा कर गिर गया। मकान के गिरने से उसमें मौजूद दो मासूम की मौत हो गई। हादसे में मकान में मौजूद चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सैंपऊ अस्पताल लाया गया, जहां से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफर किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में मासूम आरके (3) पुत्र धीरज और विनय (3) पुत्र सूरज की मौत हुई है। जिनके शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य चलाया। जिसके बाद घायलों को सैपऊं अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें इलाज के लिए रेफर किया गया है। जिन्हें परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल में ले गए हैं। बारिश की वजह से कई जगह दीवार और मकान गिरने के मामले सामने आए हैं। बारिश के बाद हुए जलभराव से कोतवाली थाना क्षेत्र की टाउन चौकी की दीवार गिर गई, तो वहीं पुराना शहर में कई पुराने मकान की दीवार जलभराव की वजह से टूट कर गिरी हैं। बारिश के चलते बुधवार को बसेड़ी में दीवार गिरने से एक महिला की भी मौत हुई थी।

## बरसात से सैंपऊ इलाके में 5 मकान ढहे, 2 की मौत, 7 घायल



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**

जिले सहित सैंपऊ क्षेत्र में बीते 2 दिन से लगातार हो रही बारिश आमजन के लिए आफत बनी हुई है। चारों ओर पानी का भराब होने से अलग-अलग कई गांव में मकान धराशाई होने से हादसे हुए हैं। कैंथरी ग्राम पंचायत के गोगली गांव में पक्का मकान भरभरा कर ढहने से बड़ा हादसा हुआ है। परिवार के कई सदस्य नीचे दब गए। जिसमें 2 बच्चों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सैंपऊ तहसीलदार राहुल धाकड़, थाना अधिकारी गंभीर सिंह के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू कर सभी घायलों को बाहर निकाला गया। जिनमें से मलबे में दबने से 2 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। जिला अस्पताल धौलपुर में दोनों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पप्पू पुत्र मुंशी नट का पक्का मकान धरासाई हुआ है। बताया गया है कि सुबह के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर मौजूद थे, तभी मकान के चारों ओर भरे पानी से सीलन बैठने के चलते अचानक मकान ढह गया। इस दौरान 10 वर्षीय मासूम आरके पुत्र सूरज तथा दिनेश की दर्दनाक मौत हो गई है। वही राधा पत्नी वीरेश तथा उसकी बेटी प्रतिज्ञा, सानवी पुत्री सूरज, सीता पत्नी सूरज, पूजा पत्नी धीरज घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी सैंपऊ से गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं कैंथरी गांव में अलग-अलग दो पक्के मकान धराशाई होने से बड़ा नुकसान हुआ है। सरपंच अजयकांत शर्मा ने बताया कि वीरेंद्र परमार तथा बीरन सिंह कुशवाहा पुत्र छत्रपाल का मकान धरासाई हुआ है। पीड़ितों के लिए मुआवजा दिलाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। घडी लज्जा गांव में भी एक मकान धरासाई हो गया है। जिसमें परिवार के 3 सदस्य अंदर दब गए। तहसीलदार राहुल धाकड़ तथा थाना अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंच कर मलबे में दबे परिवार के 3 सदस्यों को बाहर निकाला गया है। फिलहाल रामेश्वर और श्रीकृष्ण को घायल अवस्था में जिला अस्पताल धौलपुर में ले जाकर भर्ती कराया गया है। वहीं एक जना हल्का चोटिल हुआ है।

वहीं सैंपऊ में भी मिसुर मोहल्ला स्थित महेश तिवारी का पक्का मकान भरभरा कर ढह गया है। यहां गनीमत रही कि आस-पास कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## एनसीसी का सी सर्टिफिकेट देने के बदले मांगी अस्मत, शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहे आरोपी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चूरू**



चूरू में कॉलेज स्टूडेंट से एनसीसी का सी सर्टिफिकेट देने के एवज में एनसीसी के सूबेदार और उसके दोस्त ने शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। आरोपियों ने पीड़िता के मोबाइल में अश्लील मैसेज भी भेजे। कॉलेज स्टूडेंट ने दोनों के खिलाफ महिला थाने में बुधवार शाम को रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला थाने के एएसआई रामचंद्र चेतीवाल ने बताया कि 19 वर्षीय कॉलेज स्टूडेंट ने रिपोर्ट में बताया कि साल 2021 में उसने एनसीसी ज्वाइन की थी। इसके बाद एनसीसी ऑफिस चूरू में कार्यरत सूबेदार कैंप में ग्रुप बनाने का काम करता था। उसने एनसीसी का सी सर्टिफिकेट दिलवाने की बात कही, लेकिन इसके लिए लैंगिक रूप से सहयोग करने का दबाव बनाया। इसमें सहयोग नहीं करने पर स्टूडेंट का करियर बर्बाद करने की भी धमकी देने लगा। स्टूडेंट ने सूबेदार पर गलत रूप से फेल कर लाइफ बर्बाद करने का आरोप लगाया। एएसआई रामचंद्र चेतीवाल ने बताया कि कुछ समय पहले आरोपी का चूरू से जम्मू कश्मीर ट्रांसफर हो गया है। स्टूडेंट ने आरोपी के कहने पर उसके दोस्त पर मोबाइल से अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। आरोपियों ने स्टूडेंट को मामले में समझौता करने और शारीरिक संबंध बनाने में सहयोग करने पर एनसीसी के सभी फायदे दिलवाने के भी मैसेज किए कमांडिंग ऑफिसर से की शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि इसके लिए एनसीसी ऑफिस में कमांडिंग ऑफिसर से शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गई। आरोपी और उसका दोस्त शारीरिक संबंध के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला थाने के थानाधिकारी करतार सिंह ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर महिला थाने में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच पुलिस गंभीरता से कर रही है।

## पीट-पीटकर मर्डर के मामले में धरने पर बैठे परिजन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा दौसा**



दौसा जिले के मंडावर थाना क्षेत्र के टहलड़ी गांव के जोगी का बास में बीती रात जमीन विवाद में युवक महेन्द्र योगी की पीट-पीट कर हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया है। इसे लेकर परिजन पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठ गए हैं। मामला शांत कराने के लिए महुवा थाना इंचार्ज जितेंद्र सोलंकी, मंडावर थाना इंचार्ज चंद्रशेखर शर्मा व नायब तहसीलदार भगवानसहाय ने मौके पर पहुंच मृतक के परिजनों को समझाया। लेकिन वे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मृतक के बच्चों के पालन पोषण के लिए रोजगार की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं दूसरी ओर युवक की मौत के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धरने पर बैठे एक परिजन की अचानक तबीयत खराब होने से अचेत हो गया। जिसे पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती करवाया। इधर मामले को लेकर मृतक के छोटे भाई राधेश्याम योगी ने दूसरे पक्ष के करीब दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद परिवाद दिया है। जिसमें चिट्टया, शंकर, मुन्ना, हजारी, कमल, राजेश, बनवारी, पप्पू, सुरेन्द्र, टीकाराम, दिलखुश, लवकुश, बनराम, मनसुख समेत कई महिलाओं के खिलाफ षडयंत्र पूर्वक हत्या करने का मुकदमा देकर कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगाई है। बता दें कि बुधवार देर शाम को टलहडी गांव में दो पक्षों में चले आ रहे जमीन विवाद की रंजिश के चलते एक पक्ष ने लोगों ने रास्ते से बाइक लेकर जा रहे दूसरे पक्ष के युवक महेन्द्र को अकेला देखकर घेर लिया और बाजरे के खेत मे लेकर जानलेवा हमला कर मारपीट की।

## हेडमास्टर ने छठी क्लास के छात्र को मुर्गा बनाया, डंडे से पीटा, 1 आंख से दिखना बंद हुआ

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जालोर**

सांचौर जिले के बागोड़ा क्षेत्र के दामन गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल के हैडमास्टर ने छठीं कक्षा के एक छात्र को होमवर्क नही करने पर 1 घंटे तक मुर्गा बनाकर डंडे से पीटा, जिससे बच्चे के एक आंख में चोट लग गई। सूचना पर स्कूल पहुंचे पिता चंदन सिंह ने अलग-अलग अस्पतालों में इलाज कराया। लेकिन आर्थिक स्थित अच्छी नही होने से आगे का इलाज नही करा सके। अब उन्होंने मंगलवार को बागोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बागोड़ा थानाधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि होमवर्क नहीं करने को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट बच्चे के पिता चंदन सिंह ने मंगलवार को दी है। इस पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच कर रहे हैं। बच्चे के पिता चंदन सिंह ने बागोड़ा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र जसवंतसिंह जो छठी कक्षा में पढता है 30 अगस्त को सुबह स्कूल गया था। लेकिन होम वर्क पूरा नहीं करने पर हैडमास्टर बसराम मीणा ने जसवंत सिंह को 1 घंटे तक मुर्गा बना दिया और डंडे से पीटा। इससे उसकी आंख पर चोट लग गई। पीटने के बाद हैडमास्टर बसराम मीणा ने बच्चे को धमकाया कि इस बारे में किसी को बताया तो स्कूल से तेरा नाम काट दूंगा।

## अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न बाढ़ जैसे हालात पर जिला प्रशासन की सतत निगरानी, राहत बचाव की तैयारियां की जा रही मुस्तैद, जिला कलक्टर ने स्वयं संभाला मोर्चा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा धौलपुर**



जिले में विभिन्न स्थानां पर कई घण्टों से लगातार जारी अतिवृष्टि के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अगुवाई में जिला प्रशासन हालात पर सतत निगरानी बनाये हुए है। जिला कलक्टर ने सभी तहसीलदार एवं विकास अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति के मध्येनजर राहत एवं बचाव की कार्यवाही के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए हैं। उन्होंने जलभराव वाले स्थानों की लगातार निगरानी बनाए रखने एवं जलभराव की समस्या से घिरे लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों यथा पंचायत घरों, विद्यालयों आदि सुरक्षित स्थलों पर ठहराए जाने एवं आवश्यक वस्तुऐं उपलब्ध कराए जाने हेतु कहा है। उन्होंने कहा है कि सिविल डिफेन्स, एसडीआरएफ और बाढ़ राहत बचाव से संबंधित सभी एजेन्सियां 24 घण्टे अलर्ट रहे। किसी भी स्थान पर परेशानी आने पर तुरंत वहां पहुंचे और आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा है कि आमजन जलभराव एवं किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 05642-220033 पर सम्पर्क करें।

### जिले के प्रमुख बांध पूर्ण भराव पर, कई मार्ग हुए अवरूद्ध

लगातार जारी बारिश के कारण एवं कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक होने के कारण पार्वती बांध के गेट खोलकर लगातार पानी की निकासी की जा रही है। पार्वती बांध से जल निकासी के कारण पार्वती नदी के डाउनस्ट्रीम में जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण कई पुलों एवं रपट पर पानी की चादर चल रही है। जिला कलक्टर ने आमजन की सुरक्षा हेतु ऑवरफ्लो रपट, पुल, मार्ग को पार न करने की हिदायत दी है। जिले में कई स्थानों पर आमजन की सुरक्षा हेतु पुलों, रपटों, सड़क मार्गों को बंद किया गया है। पार्वती नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से बाड़ी-बसेड़ी मार्ग एवं बाड़ी-सैंपऊ मार्ग अवरूद्ध हुए हैं वहीं उर्मिला सागर बांध में पानी की आवक होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11-बी पर सड़क को काटगर जल निकासी की जा रही है ताकि बांध के आसपास स्थित आबादी ग्रामों में बाढ़ जैसी स्थिति न हो। सुरक्षा की दृष्टि से बाड़ी-धौलपुर मार्ग को भी अवरूद्ध किया गया है।

जिला कलक्टर ने स्वयं संभाला जल नियंत्रण का मोर्चा उर्मिला सागर बांध में लगातार पानी की आवक से बढे हुए जल स्तर को नियंत्रित करने हेतु जिला प्रशासन सतत निगरानी बनाए हुए हैं। गुरुवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी स्वयं उर्मिला सागर बांध पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन सुरेश मीणा को स्थिति के नियंत्रण हेतु मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जल निकासी हेतु की जा रही कार्यवाही का मौका मुआयना किया। एनडीआरएफ के आवास व्यवस्था हेतु मैरिज होम एवं पैलेस को किया अधिग्रहित बारिश से उत्पन्न आपदा की स्थिति को देखते हुए राहत कार्य हेतु जिले में आने वाली एनडीआरएफ के आवास व्यवस्था हेतु जिला कलक्टर ने आपदा प्रबन्ध अधिनियम 2005 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए 12 सितम्बर से आगामी आदेश तक संधू पैलेस, लवानियां मैरिज होम, दारा सिंह पैलेस, सिंघारा मैरिज होम, हिना पैलेस धौलपुर एवं बाड़ी के रॉयल पैलेस को मय फर्नीचर अधिग्रहित किया है।

# 6जी सेवा पेटेंट में भारत की नजर 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पर : सिंधिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। वह यहां एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन के 51वें संस्करण में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

- 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया

सिंधिया ने कहा, 'जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए अपनी खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम 'भारत 6जी अलायंस' को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं।'

## हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है

### सरकार 20 हजार टावर और लगाएगी

सिंधिया ने कहा कि भारत ने देशभर में करीब साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। सरकार ने करीब 20,000 और टावर लगाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 के मध्य तक हम अपने देश में 100 प्रतिशत परिपूर्णता का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे।''




### भारत मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

सिंधिया ने कहा कि यह तथ्य इसका प्रमाण है कि भारत आज दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। ''भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष के मध्य तक स्थापित दिया जाएगा।

### अपने लिए किए तीन लक्ष्य तय

सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। ''हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है...हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए।

### भारत आज विश्व मंच पर उभर रहा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस 'भारत 6जी अलायंस' के माध्यम से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है।'' वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है।''वह (भारत) आज विश्व मंच पर उभर रहा है।

*नई प्रौद्योगिकी को अपनाना महत्वपूर्ण : केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''तीसरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में भविष्य उन्मुख प्रौद्योगिकी हो, हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी के उत्पादन की अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करना भी जरूरी है।'*

## खबर संक्षेप

### सिएट ने चेन्नई संयंत्र में नई लाइन शुरू की



**चेन्नई।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड ने अपने चेन्नई विनिर्माण संयंत्र में ट्रक और बस के रेडियल टायरों के उत्पादन के लिए एक नई लाइन चालू की है। अगले 12 महीनों में नई लाइन की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 1,500 टायर तक पहुंच जाएगी। बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के अभियान में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

### मुंबई से होगी 'उबर ब्लैक' की वापसी



**नई दिल्ली।** टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी उबर ने भारत में अपनी 'उबर ब्लैक' श्रेणी की वापसी की बुधवार को घोषणा की। इसकी शुरुआत मुंबई से की जाएगी। यह कदम प्रीमियम पेशकशों के प्रति भारतीय ग्राहकों की बढ़ती पसंद को ध्यान में रखकर उठाया गया है। भारत में वापस ला रहे हैं... मुंबई से इस उच्च श्रेणी की पुनः शुरुआत कर रहे हैं।''

### अर्का इन्वेस्टमेंट रियल एस्टेट के लिए फंड जुटाएगी

ARKA INVESTMENT ADVISORY

**नई दिल्ली।** अर्का इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएएसपीएल) आवासीय रियल एस्टेट को समर्पित अपने नए कोष के लिए निवेशकों से 500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उसने अपना दूसरा वैकल्पिक निवेश कोष 'अर्का ह्रीम रियल एस्टेट अपॉर्चुनिटी फंड' पेश किया है।

### विग्नेश्वर वाहन निकाय फाडा के अध्यक्ष नियुक्त

FADA One Nation | One Association


**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बुधवार को 2024-26 अवधि के लिए सी एस विग्नेश्वर को अपना अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। फाडा ने बयान में कहा कि यह निर्णय 60वीं वार्षिक आम बैठक के तुरंत बाद आयोजित 315वीं शासी परिषद की बैठक में लिया गया।

### रिलायंस रिटेल ने डेल्टा गैलिल के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

Reliance RETAIL
DELTA GALIL

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल ने मंगलवार को इजराइल स्थित ब्रांडेड और निजी लेबल के 'इनरवियर' बनाने वाली कंपनी डेल्टा गैलिल इंडस्ट्रीज के साथ एक संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की। साझेदारी से परिधान बाजार में उसकी स्थिति मजबूत होगी। परिधान बनाने वाली डेल्टा गैलिल के साथ इस साझेदारी में दोनों की 50:50 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

### सोना 500 और चांदी भी 500 रुपए रही मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 1,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## पीएम मोदी ने किया 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित

# हमारा सपना है, दुनिया के हर उपकरण में हो भारत में बना सेमीकंडक्टर : मोदी


एजेंसी ⏭ ग्रेटर नोएडा (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का बुधवार को आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन-2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया।

### चिप इलेक्ट्रानिक उपकरणों का अहम हिस्सा

कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है।



## चिप में देश को महाशक्ति बनाने का प्रयास

*पीएम ने कहा, ''हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।'उन्होंने कहा कि एक सुधारवादी सरकार, बढ़ता विनिर्माण आधार और प्रौद्योगिकी का रुख करने वाले आकांक्षी बाजार देश में चिप विनिर्माण के लिए ''थ्री-डी पावर'' प्रदान करते हैं।*



- चिप का उपयोग स्मार्टफोन से लेकर एआई तक व ईवी में
- महामारी की वजह से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई
- भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की कमी पैदा हो गई

### निवेश के लिए मजबूत आधार

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अपनी सुधारोन्मुख सरकार, स्थिर नीतियों और उस बाजार का भी उल्लेख किया जिसने सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश के लिए मजबूत आधार तैयार करने को प्रौद्योगिकी का सहारा लिया है। उन्होंने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा, यह भारत में मौजूद होने का सही समय है।


*भारत चिप का सबसे बड़ा उपभोक्ता : पीएम ने भारत को सेमीकंडक्टर चिप का बहुत बड़ा उपभोक्ता बताते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसी के दम पर बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''यह छोटी सी चिप भारत में अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े काम कर रही है।''*

### 1.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश पहले ही

मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश पहले ही हो चुका है और कई परियोजनाएं अभी मंजूरी एवं प्रस्ताव के स्तर पर हैं। भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है।

# वाहन उद्योग बिक्री के बाद की सेवाओं पर ध्यान दे : गडकरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग एक क्रांति के मुहाने पर है और इसे ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है।

गडकरी ने वाहन डीलरों के निकाय फाडा की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि वाहन डीलर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के मिशन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गडकरी ने कहा, ''वाहन उद्योग क्रांति के मुहाने पर है और जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि यह क्षेत्र ग्राहक सेवा, बिक्री के बाद की सेवाओं और गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में नवाचार जारी रखे।' उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को आगे बढ़ाने में फाडा और उसके सदस्यों की भूमिका को बहुत महत्व देती है।

- भारतीय वाहन उद्योग एक क्रांति के मुहाने पर
- कंपनियों को ग्राहक सेवा व गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत

### वाहन कबाड़ नीति पर ध्यान


गडकरी ने कहा कि इसका प्रभाव वाहन क्षेत्र से परे वित्त एवं बीमा जैसे क्षेत्रों तक फैला हुआ है और सभी घटक अर्थव्यवस्था में गुणक प्रभाव पैदा कर रहे हैं। सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि फाडा का पर्यावरण के अनुकूल डीलरशिप प्रथाओं के साथ वाहन कबाड़ नीति पर ध्यान सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार का समर्थन

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वाहन खुदरा क्षेत्र को सरकार के हरसंभव समर्थन का आश्वासन दिया। गडकरी ने कहा कि वाहन खुदरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्तंभ है जो लगभग 40,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व देता है और केंद्र एवं राज्य सरकारों को विभिन्न करों और शुल्कों के रूप में 95,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है।

# टाटा मोटर्स में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 398 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निफ्टी 25,000 अंक के नीचे
- वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख रहा

स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 400 अंक लुढ़क गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.13 अंक की गिरावट के साथ 81,523.16 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान उच्चतम स्तर 82,134.95 अंक तक गया। निफ्टी भी 122.65 अंक की गिरावट के साथ 24,918.45 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''चीनी अर्थव्यवस्था में नरमी से बाजार धारणा सतर्क बनी हुई है। निवेशकों को अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और घरेलू मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने का इंतजार है।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

### टाटा मोटर्स रहा सर्वाधिक नुकसान में

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा मोटर्स को सबसे ज्यादा करीब छह प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### एशियन पेंट्स रहा लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फिनसर्व शामिल हैं।

# आयात, निर्यात की जानकारी के लिए व्यापार पोर्टल पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को निर्यात और आयात से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। इस कदम से सभी उद्यमियों को मदद मिलेगी।

- इस कदम से सभी उद्यमियों को मदद मिलेगी
- सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध होगी

'ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म' को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है।वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पोर्टल पेश करते हुए कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा। पोर्टल निर्यातकों को व्यापक समर्थन और संसाधन प्रदान कर सूचना की कमी की समस्या को दूर करने का काम करेगा।विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को तत्काल समय पर महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएगा। साथ ही उन्हें विदेश में भारतीय दूतावास, वाणिज्य विभाग, निर्यात संवर्धन परिषद जैसी प्रमुख सरकारी संस्थाओं और विशेषज्ञों से जोड़ेगा।




*क्षेत्रीय भाषाओं में भी जारी होगा : गोयल ने कहा कि पोर्टल को नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा और संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया के आधार पर 2025 में इसका दूसरा संस्करण पेश करने में मदद मिलेगी। इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''वैश्विक व्यापार संकट की स्थिति में है लेकिन यह दुनिया में भारत की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने का हमारा प्रयास है।''*

# जेनसोल-मैट्रिक्स पुणे में वैली परियोजना करेंगे स्थापित

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग ने मैट्रिक्स गैस एंड रिन्यूएबल्स लिमिटेड के साथ मिलकर पुणे में भारत की पहली हरित हाइड्रोजन वैली परियोजना स्थापित करने का ठेका मिलने की बुधवार को घोषणा की। बीएसई को दी सूचना के अनुसार, हरित हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र 'इलेक्ट्रोलिसिस रूट' के जरिये बिल्ड ओन एंड ऑपरेट आधार पर स्थापित किया जाएगा। जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक अनमोल जग्गी ने कहा, 'भारत सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के जरिये इन हाइड्रोजन वैली को बढ़ावा देने में एक बड़ा कदम उठाया है।

# फोर्ड मोटर से चेन्नई संयंत्र दोबारा शुरू करने का अनुरोध

एजेंसी ⏭ चेन्नई



- तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने किया अनुरोध

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान शिकॉगो में फोर्ड मोटर कंपनी के अधिकारियों से मिलकर उनसे चेन्नई स्थित संयंत्र में विनिर्माण दोबारा शुरू करने का अनुरोध किया है। तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने फोर्ड मोटर के अधिकारियों से तमिलनाडु के साथ कंपनी के संबंधों को बहाल करने की संभावना पर विचार-विमर्श किया। स्टालिन ने मंगलवार को फोर्ड मोटर के अंतरराष्ट्रीय बाजार समूह के अध्यक्ष के हार्ट एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने फोर्ड के चेन्नई स्थित संयंत्र में कार निर्माण दोबारा शुरू करने और वैश्विक (प्रौद्योगिकी/व्यवसाय) केंद्र का विस्तार करने का आग्रह किया। कुछ साल पहले भारतीय बाजार से अपने कदम पीछे खींचते हुए चेन्नई संयंत्र में उत्पादन बंद कर दिया था। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि फोर्ड की टीम के साथ आकर्षक चर्चा हुई जिसमें तमिलनाडु में निर्माण दोबारा शुरू करने और तीन दशक पुरानी साझेदारी को नवीनीकृत करने पर गौर किया गया।

## मप्र में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदेगा केंद्र



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि सरकार मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन की खरीद करेगी। मध्य प्रदेश में सोयाबीन की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे चली गई हैं। सोयाबीन (पीला) का एमएसपी 2024-25 के लिए 4,892 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। खरीद कृषि मंत्रालय द्वारा लागू मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत की जाएगी। चौहान ने यहां कहा, 'मध्य प्रदेश के किसान सोयाबीन की एमएसपी से कम कीमत मिलने से चिंतित हैं। हमें कल रात मध्य प्रदेश सरकार से खरीद का प्रस्ताव मिला। हमने इसे मंजूरी दे दी है।' उन्होंने कहा कि कृषक समुदाय सरकार की प्राथमिकता है और उनका मानना है कि किसानों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के समान है।

## चेन्नई प्लांट में तीसरे दिन भी जारी रही हड़ताल

# सैमसंग इंडिया में हड़ताल जारी, छंटनी की तैयारियों में जुटी कंपनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सैमसंग इंडिया के चेन्नई प्लांट में हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। इस बीच जानकारी सामने आई है कि कंपनी छंटनी की तैयारियों में जुट गई है। इसका असर अधिकारियों पर पड़ने वाला है। कंपनी के इंडिया ऑपरेशंस में करीब 2000 एग्जीक्यूटिव हैं। इनमें से करीब 10 फीसदी को घर वापस भेजने की तैयारी की जा रही है। इस छंटनी के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा और घटते बिजनेस को जिम्मेदार माना जा रहा है।

- 200 अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में लगभग 9 से 10 फीसदी की कटौती की जाएगी। इसका असर 200 अधिकारियों पर पड़ सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि भारत में कंपनी के स्मार्टफोन की सेल लगातार कम होती जा रही है। इसलिए वह इस छंटनी के जरिए कॉस्ट घटाकर मुनाफा बढ़ाना चाहती है। इस छंटनी का असर सभी डिपार्टमेंट पर पड़ने वाला है। मोबाइल फोन के साथ ही कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लायंस और सपोर्ट फंक्शन डिपार्टमेंट से भी लोग निकाले जाएंगे।

### हड़ताल से घटा उत्पादन

उधर, सैमसंग इंडिया के चेन्नई प्लांट की हड़ताल भी बढ़ती जा रही है। सोमवार से शुरू हुई हड़ताल तीसरे दिन भी जारी है। सैकड़ों कर्मचारी काम बंद कर चुके हैं। वह बेहतर सैलरी और काम के घंटों की डिमांड के लिए हड़ताल पर गए हैं। इसके चलते टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। फेस्टिव सीजन से पहले इस हड़ताल के चलते कंपनी के कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि, दावा किया जा रहा है कि हड़ताल के बावजूद प्लांट में 50 से 80 फीसदी प्रोडक्शन चल रहा है।




### दीपावली बाद बढ़ सकता है छंटनी का दायरा

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पिछले कुछ सालों में जूनियर और मिड लेवल कर्मचारियों का सैलरी पैकेज तेजी से बढ़ा था। कंपनी का कारोबार उछाल मार रहा था। अब घटती सेल के चलते दक्षिण कोरिया हेडक्वार्टर से कंपनी पर लागत घटाने का दबाव बनाया जा रहा है। अगर दीपावली तक भी सेल में सुधार नहीं आया तो छंटनी का दायरा और बड़ा हो सकता है। इसके अलावा कंपनी टीवी और होम एप्लायंस जैसे कारोबार को रीस्ट्रक्चरिंग के तहत मर्ज करने पर भी विचार कर रही है। यह भी छंटनी का बड़ा कारण बन सकता है।

### 3 महीने की सैलरी देकर कर दिया जाएगा विदा

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीनियर लेवल के साथ ही छोटे कर्मचारियों पर भी इसका असर पड़ सकता है। कंपनी ने हाल ही में हायरिंग बंद कर दी थी। साथ ही खाली पड़े पदों पर भी किसी को नहीं लिया जा रहा है। छंटनी का शिकार होने वाले कर्मचारियों को कंपनी 3 महीने की सैलरी के अलावा हर एक साल की नौकरी के लिए एक महीने की सैलरी देने वाली है। शाओमी ने सैमसंग को पछाड़कर स्मार्टफोन मार्केट में पहला स्थान हासिल कर लिया है। वीवो ने भी कंपनी के कारोबार को चोट पहुंचाई है।

### नॉर्दर्न आर्क कैपिटल का आईपीओ 16 को खुलेगा




**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी नॉर्दर्न आर्क कैपिटल का 777 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा। निर्गम के लिए 249-263 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 19 सितंबर को बंद होगा। निर्गम खुलने के पहले प्रमुख (एंकर) निवेशक 13 सितंबर को बोली लगा सकेंगे। आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा इक्विटी शेयरों के साथ निवेशकों की तरफ से 277 करोड़ रुपये तक के 1,05,32,320 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी।

## नारनौल में दुकान के बाहर खड़े ऑटो में लगी आग, ट्यूबवेल चलाकर पाया काबू



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारनौल

नारनौल में एक मिस्त्री की दुकान के बाहर ठीक ऑटो में आज सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के करने का पता नहीं चला है। वही मिस्त्री का आरोप है कि यह आग किसी ने जानबूझकर लगाई है। इस बारे में मिस्त्री ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। निजामपुर रोड पर एक निजी स्कूल से थोड़ा आगे जीतू सैनी ने दुकान की हुई है। इस दुकान पर गांव खोडमा का धर्मवीर अपना ऑटो ठीक करवाने के लिए आया था। उसने अपना ऑटो दो दिन पूर्व दुकान के बाहर खड़ा किया था। उसके साथ ही एक अन्य ऑटो भी खड़ा था। आज सुबह ऑटो में अचानक आग लग गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना मिस्त्री को दी। वही सामने लगे ट्यूबवेल से ऑटो में लगी आग को बुझाया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे मिस्त्री ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वही उसने आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी चेक किया। मिस्त्री का आरोप है कि यह आग किसी ने जानबूझकर लगाई है।

## बावल से डॉ. कृष्ण कुमार ने भरा नामांकन, स्वास्थ्य विभाग में डायरेक्टर के पद पर थे



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बावल

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के बावल विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. कृष्ण कुमार ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करवाने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भाजपा की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली भी मौजूद रहीं। डॉ. कृष्ण कुमार रेवाड़ी में सिविल सर्जन के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। दो दिन पहले ही भाजपा ने डॉक्टर कृष्ण कुमार को बावल से प्रत्याशी बनाया था। डॉ. कृष्ण कुमार स्वास्थ्य विभाग में डायरेक्टर के पद से इस्तीफा भी दे दिया था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि बावल में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार जीतेगा। राव इंद्रजीत ने कहा कि डॉक्टर कृष्ण कुमार एक साधारण परिवार से हैं। महेंद्रगढ़ से एक दिन पहले ही पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। लेकिन देर रात आई लिस्ट में भाजपा के पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा का नाम नहीं आया। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा मैं इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करूंगा। पार्टी ने जिसको भी टिकट दी हम उसकी पूरी मदद करेंगे।

## जारी हुआ हरियाणा विधानसभा भंग करने का नोटिफिकेशन, अगली सरकार के गठन तक कार्यवाह सीएम बने रहेंगे नायब सैनी




वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हरियाणा

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कैबिनेट की सिफारिश के बाद राज्य विधानसभा को भंग करने की नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नई सरकार बनने तक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। यह फैसला 5 अक्टूबर को होने वाले चुनावों से पहले लिया गया है। हरियाणा मंत्रिमंडल ने पहले विधानसभा भंग करने को मंजूरी दी थी और राज्यपाल को इस कार्रवाई की सिफारिश की थी। राज्यपाल ने इस सिफारिश को मान लिया और विधानसभा भंग करने का अधिसूचना भी जारी कर दिया। अधिसूचना में कहा गया है, "भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (2) की उपधारा (बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं बंडारू दत्तात्रेय, राज्यपाल हरियाणा, विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग करता हूं।" खबर के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा का आखिरी सत्र 13 मार्च को हुआ था। संविधान के अनुच्छेद 174 (1) के अनुसार दो सत्रों के बीच छह महीने से ज़्यादा का अंतर नहीं होना चाहिए। संवैधानिक संकट से बचने के लिए सरकार को 12 सितंबर तक बैठक बुलाना या विधानसभा भंग करने की सिफ़ारिश करना ज़रूरी था। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा। पहले चुनाव आयोग ने मतदान के लिए 1 अक्टूबर और नतीजों के लिए 4 अक्टूबर की तारीख तय की थी। लेकिन अब इन तारीखों में बदलाव कर दिया गया है। वर्तमान हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है। पिछला विधानसभा चुनाव अक्टूबर 2019 में हुआ था। उन चुनावों के बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच गठबंधन के कारण मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने। हालांकि, समय के साथ राजनीतिक गतिशीलता बदल गई, जिसके परिणामस्वरूप बाद में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।

# हरियाणा की ये 32 विधानसभा सीटें इस बार भी तय करेगी अगली सरकार ?

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा हरियाणा

हरियाणा में 2019 के विधानसभा चुनावों में करीब एक-तिहाई सीटों पर हार-जीत का अंतर बहुत ही कम रहा था। इस बार भी लग रहा है कि राज्य में अगली सरकार बनाने में उन्हीं 32 सीटों का रोल अहम हो सकता है। लेकिन, जिस तरह से इस बार जमीनी स्तर पर कुछ नए गठबंधन बनाए गए हैं, उससे नतीजे और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं।

### हरियाणा में 5 दलों और गठबंधनों में मुकाबला

हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटें हैं और इसके लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच बहुप्रचारित गठबंधन आखिरकार नहीं ही हो पाया है। मतलब, साफ है कि बीजेपी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरी हैं तो उनके सामने जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी और आईएनएलडी और बीएसपी गठबंधन चुनौती बनकर खड़ी हैं।





### बहुकोणीय मुकाबले में भाजपा को मिल सकता है फायदा!

2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में 90 में से 32 सीटों पर फैसला 10,000 से भी कम वोटों से हुआ था और जिस तरह से इस बार यहां के वोटों के पांच सियासी कुनबे दावेदार बन गए हैं, उससे परिणाम बहुत ही चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे विपक्षी वोटों के बंटवारे का फायदा सत्ताधारी बीजेपी को मिलने की ज्यादा संभावना लग रही है, जिसने पिछली बार इन कड़े मुकाबले वाली सीटों में से 15 पर बाजी मारी थी। पिछली बार इन 32 सीटों में से आम आदमी पार्टी सिर्फ 18 पर लड़ रही थी, इस वजह से लगतका है कि इस बार वह और भी ज्यादा सीटों पर चुनौती बनकर उभर सकती है। इनमें सबसे कम 602 वोटों से सिरसा में नतीजा तय हुआ था, जहां लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा जीते थे।

### कई सीटों पर हार-जीत के अंतर से ज्यादा 'आप' को मिले थे वोट

यहां भाजपा तीसरे और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। 'आप' प्रत्याशी को कांडा की जीत के अंतर से ज्यादा वोट मिले थे। यही कहानी और भी सीटों में दोहराई गई थी, जहां हार-जीत के अंतर से ज्यादा आम आदमी पार्टी ने वोट जुटा लिए थे। हरियाणा में 17 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इनकी आबादी करीब 19.35% है। राज्य में सबसे ज्यादा वोटर जाट हैं और उनके वोटों के दावेदारों में कांग्रेस, जेजेपी-आजाद समाज पार्टी और आईएनएलजी-बीएसपी गठबंधन भी शामिल हैं। इस तरह से प्रदेश में जाटों और दलितों को इस बार सीधे तौर पर तीन विकल्प मौजूद हैं और चौथे विकल्प में भाजपा को भी पूरी तरह से नकार देना राजनीतिक नासमझी ही मानी जा सकती है।

### कम अंतर से हार-जीत वाली 32 सीटों में 6 सुरक्षित

अब गौर करने वाली बात है कि जिन कम अंतर पर हार-जीत वाली 32 सीटों की हमने बात शुरू की थी, उनमें से 6 सीटें सुरक्षित भी हैं। 2019 में हरियाणा में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 90 विधायकों वाले सदन में बीजेपी 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और कांग्रेस 31 पर अटक गई थी। बीजेपी ने दुष्यंत चौटाला की जेजेपी के 10 विधायकों के समर्थन से करीब 5 वर्ष पूर्ण बहुमत की सरकार चलाई।

## जब आप से नहीं हुआ गठबंधन तो हरियाणा में कांग्रेस ने किसके लिए छोड़ी एक सीट

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चंडीगढ़




हरियाणा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने बगावत के डर से आखिरी वक्त पर कैंडिडेट का ऐलान किया। पार्टी आखिरी सूची दोपहर बाद जारी की। कांग्रेस पार्टी का हरियाणा में आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं हो पाया, हालांकि पार्टी ने आखिर में सीपीआई (एम) के लिए एक सीट छोड़ दी। पार्टी ने आखिरी सूची में गुरुग्राम जिले में आने वाली सोहना सीट से रोहताश खटाना की उम्मीदवारी का ऐलान किया। इसके बाद सही पार्टी ने भिवानी सीट पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (एम) के एक सीट छोड़ने का ऐलान किया।

### कॉमरेड ओमप्रकाश कैंडिडेट

हरियाणा में कांग्रेस से अतिम वक्त पर गठबंधन होने के बाद सीपीआई (एम) ने कॉमरेड ओमप्रकाश को कैंडिडेट बनाया है। वह यहां पर कांग्रेस और सीपीआई (एम) के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। भिवानी सीट से बीजेपी ने धनश्याम सर्राफ को उम्मीदवार बनाया है। सर्राफ 2009 से लगातार जीतते आ रहे हैं। पिछले चुनावों में जेजेपी के उम्मीदवार शिवशंकर भारद्धाज को शिकस्त दी थी। कांग्रेस पार्टी तीसरे नंबर पर रही थी। 2005 में शिवशंकर भारद्धाज कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। इससे पहले 2000 में बंसीलाल ने यहां से जीत हासिल की थी। इस सीट पर हरियाणा विकास पार्टी का वर्चस्व रहा है।

### बीजेपी की बगावत से लिया सबक

कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के ऐलान में बीजेपी की बगावत से सबक लिया।कांग्रेस ने पार्टी नेताओं को इधर-उधर जा पाने का मौका नहीं दिया। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि हरियाणा की टिकटें जानबूझकर देर से बांटी ताकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को झगड़ने का मौक़ा ही ना मिले। कांग्रेस में अभी तक कोई बड़ी बगावत सामने नहीं आई है। हालांकि कुछ सीटों पर नेता निर्दलीय उतर गए हैं। ऐसे में पार्टी आने वाले दिनों मनाने की रणनीति पर काम कर सकती है। हरियाणा चुनावों के लिए कांग्रेस की आप से गठबंधन की बातचीत हुई थी। आप के अधिक सीटें मांगने से गठबंधन नहीं हो पाया।

## कांग्रेस की लिस्ट में दिखा 'अपनों' का बोलबाला, जानें टिकट बंटवारे में कैसे दिखा भूपेंद्र सिंह हुड्डा का असर

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली




आखिर लंबे इंतजार और हा-नां के बाद नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को दोपहर तक कांग्रेस ने हरियाणा में सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। कांग्रेस की लिस्ट पर अगर नजर डाली जाए तो साफ दिखता है कि टिकटों को लेकर चली आखिरी मौके तक खींचतान में भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रभावशाली नजर आए। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस में एक फिर परिवारवाद का जोर दिखा। बुधवार की आधी रात को 40 टिकटों के ऐलान के बाद जहां नौ सीटों पर पेंच फंसे दिखे तो वहीं बुधवार की आधी रात के बाद से लेकर गुरुवार की दोपहर तक कांग्रेस ने सभी सीटों पर तस्वीर साफ कर दी। चर्चा है कि 90 में से तकरीबन 70 सीटें हुड्डा खेमे को मिली हैं। हालांकि इस खेमे के एक नेता ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर कहा कि खेमा कहना गलत होगा, वह पार्टी के सीएलपी लीडर हैं। इस नाते सभी से उनके बेहतर संबंध हैं। कांग्रेस के ज्यादातर सीटें उन्हीं उम्मीदवारों को दी गई हैं, जो सर्वे से निकल कर आई हैं। वहीं एक सूत्र का कहना था कि चार-पांच सीटों पर हुड्डा भी अपने पसंदीदा को टिकट नहीं दिला पाए, क्योंकि उनके नाम सर्वे में नहीं आ रहे थे। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस में हुड्डा के अलावा कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कुमारी शैलजा भी सीएम पद पर दावेदारी का संकेत दे चुके हैं। इसलिए शैलजा व सुरजेवाला दोनों ही असेंबली टिकट चाह रहे थे। इन तमाम नेताओं में अपने अपने करीबियों और भरोसेमंद चेहरों को टिकट दिलाने की खींचतान भी चल रही थी। कांग्रेस की इस लिस्ट में अपनों और परिवारीजनों को भी खासा मौका मिला है। इनमें सबसे अहम नाम रणदीप सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला का माना जा रहा है। सुरजेवाला आदित्य को अपनी पारंपरिक सीट कैथल से टिकट दिलाने में कामयाब रहे। सुरजेवाला फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। वहीं मुलाना से जिन पूजा चौधरी को टिकट दिया गया है, वह अंबाला के सांसद वरुण चौधरी की पत्नी हैं। सांसद बनने के बाद वरुण ने यहां से इस्तीफा दिया था, जिससे यह सीट खाली हो गई थी। उल्लेखनीय है कि वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद मुलाना के बेटे हैं। पंचकुला से कांग्रेस ने पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन को एक बार फिर मौका दिया है। पलवल सीट से करण दलाल को टिकट दिया गया है। करण दलाल रिश्ते में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समधि हैं। कलायत सीट से हिसार के लोकसभा सांसद जयप्रकाश सहारन के बेटे विकास सहारन को मौका दिया गया है। जबकि महम से बलराम दांगी को मौका मिला है। बलराम उन्हीं पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता आनंद सिंह दांगी के बेटे हैं, जो महम कांड में चर्चा में आए थे। इसी तरह कांग्रेस ने तोशाम से पूर्व सीएम बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी को उतारा है। उनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार श्रुति चौधरी से होना है, जो रिश्ते में उनकी चचेरी बहन हैं। श्रुति व उनकी मां किरण चौधरी लोकसभा चुनावों के बाद ही कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुई थीं। किरण फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं। जबकि बंशीलाल के दामाद सोमवीर सिंह श्योराण को बाढ़डा सीट से टिकट दिया गया है।

## रेवाड़ी की कोसली सीट पर कांग्रेस में बगावत, मनोज कोसलिया ने निर्दलीय के तौर पर पर्चा भरा

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा रेवाड़ी



हरियाणा के रेवाड़ी जिले की दो विधानसभा सीटों बावल और कोसली में भी कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। बावल में पूर्व मंत्री डॉ. एमएल रंगा तो कोसली में पूर्व मंत्री जगदीश यादव को टिकट दी गई। टिकट वितरण के तुरंत बाद कोसली सीट पर बगावत शुरू हो गई। यहां से टिकट के दावेदार मनोज कोसलिया ने निर्दलीय कैंडिडेट के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया है। वहीं, टिकट के दूसरे दावेदार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के छोटे भाई यादवेंद्र ने भी बगावती तेवर अपना लिए हैं। पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने कांग्रेस के टिकट पर नामांकन दाखिल कर दिया है। दूसरी तरफ कोसली से बीजेपी के कैंडिडेट अनिल डहीना का नामांकन दाखिल कराने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा-हमें पूरी उम्मीद है कि हमारे कैंडिडेट जीतेंगे। बीजेपी ने हमारे समर्थित नेताओं को इलाके में टिकट दी है। छोटे भाई की टिकट कटने पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा-मेरा भाई कांग्रेस में था। मुझे लगता कि वो दो बार हार चुका इसलिए टिकट नहीं मिली होगी, क्योंकि कांग्रेस में दो चुनाव हार चुके नेताओं को टिकट नहीं दिए जाने की बात कही जा रही थी। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे छोटे भाई के साथी अब हमारा साथ देंगे। बता दें कि, बावल और कोसली से कांग्रेस द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवार पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्?डा के खास हैं। टिकट वितरण से दो बार के विधायक रहे यादवेंद्र सिंह नाराज हैं। नामांकन के आखिरी दिन बावल विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार डॉ. कृष्ण कुमार ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान राव इंद्रजीत सिंह ने महेंद्रगढ़ सीट से रामबिलास शर्मा की टिकट कटने पर कहा कि टिकट देना और नहीं देना ये पार्टी का फैसला होता है

## नारनौल में विवाहिता लापता, लड़की भी हुई गायब, बिना बताए दोनों घर से निकली

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नारनौल




हरियाणा के नारनौल से एक 22 वर्षीय विवाहित महिला तथा एक 18 वर्षीय लड़की लापता हो गई। इस बारे में महिला व लड़की दोनों के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। निजामपुर पुलिस थाना में दी गई शिकायत में गांव मरोली निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी सुबह 4 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। इसके बाद उसने अपने तौर पर उसकी आस पड़ोस में रिश्तेदारी में कई जगह पर तलाश की, लेकिन वह कहीं पर भी नहीं मिली। उसके नहीं मिलने पर उसने पुलिस में शिकायत दी है। वहीं दूसरी ओर नांगल चौधरी थाना के अंतर्गत आने वाले नांगल कालिया से लड़की भी अपने घर से लापता हो गई। इस बारे में लड़की के चाचा ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

# कौन हैं कंवर सिंह यादव? जिनके लिए बीजेपी ने काट दी सबसे कद्दावर नेता की टिकट, अब महेंद्रगढ़ में क्या होगा?

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा चंडीगढ़




हरियाणा विधानसभा चुनावों में गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई। बीजेपी के बाद कांग्रेस ने कुछ घंटे पहले तक कैंडिडेट का ऐलान किया। बीजेपी ने अंतिम सूची में राज्य में पार्टी के नेता पंडित रामबिलास शर्मा का टिकट काट दिया। पार्टी ने उनकी जगह पर कंवर सिंह यादव को उतारा है। एक दिन पहले रामबिलास शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया था। अब देखना है कि रामबिलास शर्मा का क्या रुख रहता है। वह नामांकन वापस लेते हैं या फिर चुनाव मैदान में डटे रहते हैं। कंवर सिंह यादव काफी समय से बीजेपी में हैं। वह बीजेपी के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी बीजेपी के नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी काफी नजदीकी है। हरियाणा में रामबिलास शर्मा का टिकट कटने के बाद महेंद्रगढ़ सीट भी चर्चा में आ गई है। लंबे समय बाद यह पहला मौका होगा। जब बीजेपी ने उन्हें चुनावी राजनीति से बाहर कर दिया है। महेंद्रगढ़ विधानसभा सीट राजनीतिक रूप से विशेष महत्व वाली है क्योंकि इस सीट से चुनाव लड़ने वाले रामबिलास शर्मा अहीरवाल में बीजेपी की उपस्थिति लगातार बनाए रखने वाले इकलौते नेता हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या बीजेपी ने नए कैंडिडेड कंवर सिंह यादव कांग्रेस नेता राव दान सिंह ने को चुनौती दे पाएंगे। अभी तक आलम यह है कि पिछले 32 सालों से यही दोनों महेंद्रगढ़ से विधायक बनते आ रहे हैं। इस अहीर बहुल क्षेत्र में अहीर विधायक ही ज्यादा बने हैं। अभी तक रामबिलास शर्मा ने ही उनके जीतने के सिलसिले को रोका है। इस सीट पर बीजेपी नेता रामबिलास शर्मा 1977 से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। रामबिलास शर्मा ने 1977 का चुनाव जनता पार्टी की टिकट पर लड़ा था। इसके बाद सभी चुनाव बीजेपी की टिकट पर लड़े। शर्मा ने 1982 से 1996 तक लगातार चार चुनाव जीते हालांकि इसके बाद के लगातार तीन चुनाव वे कांग्रेस के राव दान सिंह से हारे भी। 2014 में रामबिलास ने एक बार फिर वापसी की और 5वीं बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य बने। एक ही सीट से 9वां चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड बनाने वाले रामबिलास शर्मा ने 2014 में 59.89 प्रतिशत वोट लिए जबकि 2009 में उन्हें 32.90 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके अलावा शर्मा ने साल 2000 में महेंद्रगढ़ के साथ-साथ फरीदाबाद जिले की बल्लभगढ़ सीट से भी चुनाव लड़ा था और 30 प्रतिशत वोट लिए थे। दो सीटों पर एक साथ लड़ने की वजह से उसी साल उनकी जीत का सिलसिला टूटा था। चुनावी राजनीति के माहिर रामबिलास शर्मा के बारे में एक खास बात यह है कि 10 चुनावों में से कभी भी वे तीसरे स्थान पर नहीं खिसके और हमेशा पहला या दूसरा स्थान ही हासिल किया। राम बिलास शर्मा ने एबीवीपी के महासचिव से छात्र राजनीति की शुरूआत करने के बाद शर्मा भारतीय जनता युवा मोर्चा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। काफी समय तक (1990-93, 2013-14) उन्होंने हरियाणा बीजेपी के अध्यक्ष का पद भी संभाला। शर्मा ने कुछ समय तक आरएसएस के अंग्रेजी अखबार 'मदरलैंड' में भी काम किया। वे झज्जर जिले में संघ के प्रचारक के तौर पर भी तैनात किए गए। शर्मा सबसे पहले 1987 में बनी देवीलाल सरकार में मंत्री बने थे। इसके बाद रामबिलास शर्मा 1996 में आई बंसीलाल सरकार और उसके बाद बनी चौटाला सरकार में शिक्षा मंत्री रहे। हरिणणा विकास पार्टी (हविपा) के साथ गठबंधन सरकार चलाते वक्त रामबिलास शर्मा बीजेपी विधायक दल के नेता थे और उनके नेतत्व में ही बीजेपी ने बंसीलाल की सरकार का साथ छोड़कर 1999 में इनेलो की सरकार बनवाई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब बीजेपी के 8 में से 7 उम्मीदवार जीते तब शर्मा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। राज्य में बीजेपी की पहली बार सरकार बनाने वाले 2014 के विधानसभा चुनाव के वक्त भी रामबिलास शर्मा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। अब जब बीजेपी ने उनके स्थान पर कंवर सिंह यादव पर दांव खेला है तब महेंद्रगढ़ में चर्चा है कि क्या रामबिलास शर्मा की सियासी विरासत को कंवर सिंह यादव आगे बढ़ा पाएंगे?

## सेस और सरचार्ज में बढ़ोतरी से करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी घटी, केरल सीएम का बयान



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिरुवनंतपुरम**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगाए जाने वाले सेस और सरचार्ज में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिसकी वजह से करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी घट रही है। विजयन ने कहा कि विभाज्य पूल में शामिल नहीं होने वाले सेस और सरचार्ज में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है, जब वित्त आयोग ने केंद्र द्वारा एकत्र किए गए करों की शुद्ध आय में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने की सिफारिश की है। गैर भाजपा शासित पांच राज्यों द्वारा आयोजित किए गए सम्मेलन में सीएम विजयन ने यह बात कही। गौरतलब है कि गैर भाजपा शासित राज्यों के सम्मेलन में 16वें वित्त आयोग के अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। सीएम विजयन ने कहा कि करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जानी चाहिए। पिछले वित्त आयोग ने करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41 फीसदी तय की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पहले भी दक्षिण के राज्यों के साथ ये मांग उठा चुके हैं और राज्यों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत करने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा इकट्ठा किए गए करों में राज्यों के लिए अधिक हिस्से की मांग पूरी तरह से प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने इस मांग को विद्वानों और विशेषज्ञों से केंद्र के सामने ठोस तरीके से उठाने की अपील की। इससे राज्यों के बढ़ते राजकोषीय असंतुलन से भी निपटा जा सकेगा।

## दस लाख गर्भवती महिलाओं की होगी एचआईवी-सिफलिस जांच, नीतीश सरकार का फैसला




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा पटना**

राज्य सरकार प्रदेश की सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एंटीनेटल चेक-अप) जांच को और गति देगी। योजना के तहत अब गर्भवती महिलाओं की एचआईवी-सिफलिस जांच की तैयारी हो रही है। एचआईवी-सिफलिस जांच अस्पताल में अनिवार्य है। जिलों में यह कार्य निर्बाध गति से चले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिलों को 10 लाख से अधिक ड्यूल एचआईवी सिफलिस रैपिड डायग्नोस्टिक किट देने का निर्णय लिया है। राज्य स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इस किट को खरीदने के लिए 3.30 करोड़ रुपये का बजट अनुमोदित किया है। प्रति किट की कीमत करीब साढ़े 16 रुपये है। जिलों को गर्भवती महिलाओं की संख्या के आधार पर फिलहाल एक तिहाई किट आवंटित किए जाएंगे। जैसे-जैसे इसकी खरीद का काम आगे बढ़ेगा जिलों को नए सिरे से किट आपूर्ति की जाएगी। यहां बता दें के सरकार रिकॉर्ड के मुताबिक, प्रदेश में गर्भवती महिलाओं की संख्या करीब 35.15 लाख है जिसके विरूद्ध 10.90 लाख किट जिलों को आवंटित किए जा रहे हैं। समिति के अनुसार पटना जिले को करीब 50 हजार किट आवंटित की जा रही है। इसी प्रकार, पूर्णिया को करीब 36 हजार, मुजफ्फरपुर को 47 हजार, गया को 42 हजार, भागलपुर को 31 हजार किट का आवंटन स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार जिलों को गर्भवती महिलाओं की संख्या के अनुपात में किट आवंटित होंगे।

# नौकरी

## एनटीपीसी में डिप्टी प्रबंधक के पदों पर भर्ती; दो लाख तक वेतन! बीटेक वाले करे आवेदन

एनटीपीसी लिमिटेड इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल और C&I के विषयों में प्रोजेक्ट/इरेक्शन/कंस्ट्रक्शन सेक्टर में डिप्टी मैनेजर पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में कुल 250 रिक्तियां भरी जानी हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ntpc.co.in. पर जाकर इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 सितंबर से शुरू होगी और 14 दिन तक चलेगी। उम्मीदवार 28 सितंबर, 2024 तक इसके लिए आवेदन कर सकेंगे।

**डिप्टी मैनेजर को दो लाख तक वेतन**

डिप्टी मैनेजर का वेतन E-4 ग्रेड में होगा, जो 70,000 रुपये से लेकर 2,00,000 रुपये तक होगा। चुने गए उम्मीदवारों को कंपनी के मानकों के अनुसार महंगाई भत्ता, अतिरिक्त भत्ते और लाभ मिलता है। आवेदकों का चयन लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि के आधार पर किया जाएगा।

**पात्रता मानदंड**

आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स में BE/B.Tech डिग्री होनी चाहिए।

उप प्रबंधक (विद्युत निर्माण) के लिए अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**अनुभव** उम्मीदवार के पास विद्युत/इस्पात/ रिफाइनरी/ उर्वरक/ तेल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता-पश्चात कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) होना चाहिए, जिसमें से विद्युत क्षेत्र में स्थापना/रखरखाव/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्ष का साइट अनुभव होना चाहिए।

**उप प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन) के लिए**

अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल/ प्रोडक्शन में बीई/बीटेक डिग्री होनी चाहिए।

**अनुभव** उम्मीदवार के पास विद्युत/ इस्पात/ रिफाइनरी/ उर्वरक/ तेल एवं गैस/सीमेंट में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता-पश्चात कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) होना चाहिए

# 'सेना भी सुरक्षित नहीं, आम जनता का क्या होगा' Mhow सामूहिक दुष्कर्म मामले पर फूटा राहुल-प्रियंका का गुस्सा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



मध्य प्रदेश के महू में दो प्रशिक्षु सैन्य अधिकारी(कैप्टन) सहित दो युवतियों के साथ हुए अपराध को लेकर कांग्रेस ने मोहन यादव सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने इस मामले पर चिंता जाहिर करते हुए मोहन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा,"मध्य प्रदेश में सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। भाजपा शासित राज्यों की कानून व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है - और, महिलाओं के खिलाफ़ दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक।" राहुल गांधी ने आगे लिखा,"अपराधियों की ये निर्भीकता प्रशासन की पूर्ण नाकामी का परिणाम है और इस कारण देश में पनपता असुरक्षित वातावरण भारत की बेटियों की स्वतंत्रता, उनकी आकांक्षाओं पर बंदिश है। समाज और सरकार दोनों शर्मिंदा हों और गंभीरता से विचार करें - देश की आधी आबादी की रक्षा की जिम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे!"

### राज्य के लोग अपराधियों से त्रस्त- कमलनाथ

वहीं, कांग्रेस के पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी इस घटना पर एमपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा,"मध्य प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। यहाँ सेना के अधिकारी तक सुरक्षित नहीं हैं।सेना के प्रशिक्षु अधिकारी को बंधक बनाना और महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। अपराधी पूरी तरह निरंकुश हैं और प्रदेश की जनता त्रस्त है। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी आप ही गृह मंत्री भी हैं, आपके राज में अगर सेना तक असुरक्षित हो गई है तो प्रदेश की आम जनता का क्या होगा?"

### महिला सुरक्षा को लेकर प्रियंका गांधी ने उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा,"मध्य प्रदेश में सेना के अधिकारियों को बंधक महिला ग्रुप से और उत्तर प्रदेश में हाईवे पर एक महिला का शव मिलने की घटनाएं दिल दहलाने वाली हैं। देश में हर दिन 86 महिलाओं से बलात्कार और क्रूरता का शिकार हो रही हैं। घर से लेकर बाहर तक, सड़क से लेकर बाहर तक, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आगे लिखा,"देश की आधी आबादी सिर्फ असुरक्षित है, बल्कि ऐसी जड़ी-बूटियों की वजह से हर दिन करोड़ों महिलाएं टूट जाती हैं। महिला सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री जी बड़ी-बड़ी बातें तो करते हैं लेकिन देश भर की महिलाएं अब भी सुरक्षा के लिए एक गंभीर प्रयास का इंतजार कर रही हैं। यह इंतजार आखिर कब खत्म होगा?'' महू में ट्रेनिंग लेने के लिए आए अधिकारी कौशल सिंह निवासी बरेली (उप्र) दो युवतियों के साथ घूमने के लिए जाम गेट पर गए थे। इन्होंने घूमने के लिए किराए की कार ली थी। ये लोग फायरिंग रेंज के करीब खड़े होकर बात कर रहे थे, इसी दौरान वहां 6 बदमाश आ गए। बदमाशों ने एक अधिकारी और युवती से कहा कि वो 10 लाख रुपये लेकर आएं। बाकी दोनों को बंधक बना लिया। इसके बाद बंधक युवती और अधिकारी को अलग-अलग ले गए। इसके बाद युवती के साथ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बदमाशों ने जिस ट्रेनिंग अधिकारी को छोड़ा था, उसने जाकर पूरी जानकारी पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को आते देख बदमाश फरार हो गए। घटना से बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, चार आरोपियों की तलाश जारी है।

## एक महिला ने 10 साल में 10 पुरुषों पर दर्ज कराए दुष्कर्म-छेड़डाड़ के केस, भड़का हाईकोर्ट, पुलिस को दिया बड़ा आदेश

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बेंगलुरू**




कर्नाटक में 10 पुरुषों के खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज कराने वाली महिला की जानकारी हाईकोर्ट ने सभी थानों में भेजने का निर्देश दिया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने यह आदेश राज्य के डीजीपी को दिया है। महिला 2011 से 2022 के मध्य 10 पुरुषों के खिलाफ केस दर्ज करवा चुकी है। अपने निर्देश में न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक 28 अगस्त 2022 को मैसूर के होटल ललित महल पैलेस में पीके विवेक ने महिला से एक व्यापारिक लेनदेन के सिलसिले में मुलाकात की थी। इसके कुछ दिन बाद महिला ने विवेक और उनके परिवार के खिलाफ दो केस दर्ज कराए थे। विवेक ने अपनी याचिका में अदालत में बताया कि महिला पिछले 10 सालों में 10 पुरुषों के खिलाफ इसी तरह के केस दर्ज करवा चुकी है। अदालत ने महिला द्वारा सिलसिलेवार केस दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर हैरानी जताई। महिला ने शिकायतों में कुछ पुरुषों को पति बताया तो कुछ पर शादी का वादा करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। हालांकि सुनवाई के दौरान वह अनुपस्थित रही। सबूत पेश करने की खातिर भी अदालत नहीं पहुंची। इसके बाद हाईकोर्ट ने पीके विवेक और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने का आदेश दिया। पीके विवेक हसन जिले के सकलेशपुर के रहने वाले हैं और कॉफी बागान के मालिक हैं। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा, "अगर यह शिकायतकर्ता किसी थाने में केस दर्ज कराना चाहे तो बिना किसी उचित प्रारंभिक जांच के मामला दर्ज नहीं किया जाना चाहिए। यह पुरुषों के खिलाफ बेतहाशा दर्ज हो रहे अपराधों को रोकने की खातिर है।" न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, "इसका उद्देश्य स्पष्ट है। यह केवल उन लोगों को परेशान करना था, जिनका शिकायतकर्ता से कोई लेना-देना नहीं था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक 10 सालों में महिला ने पांच पुरुषों पर दुष्कर्म, दो पर क्रूरता और तीन पर छेड़छाड़ और आपराधिक धमकी का आरोप लगाया है।

## सुप्रीम कोर्टः अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला आज, गणपति मूर्ति विसर्जन मामले में एनजीटी के आदेश पर रोक

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**



आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा। केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मामले में कई सुनवाइयों के बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने 5 सितंबर को याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले 5 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने दलील दी थी कि दिल्ली सीएम जमानत पर बाहर आने के बाद गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। वह कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में तिहाड़ में बंद थे। इस बीच स्पाइसजेट ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। विमानन कंपनी ने कोर्ट से मांग की है कि वह पट्टेदारों के भुगतान में विफल रहने पर तीन विमान इंजनों का उपयोग बंद करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई करे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया है। कोर्ट ने स्पाइसजेट से कहा कि वह अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने वाला ई-मेल भेजे। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा था कि स्पाइसजेट ने बकाया भुगतान के लिए एक सहमत अंतरिम व्यवस्था का उल्लंघन किया है। खंडपीठ ने भुगतान न करने के कारण स्पाइसजेट को तीन इंजनों का इस्तेमाल बंद करने के एकल न्यायाधीश के आदेश को बरकरार रखा था।

## 'बसपा' की नई रणनीतिः मायावती ने क्यों किया 'सम्राट अशोक' और 'आयरन लेडी' का जिक्र?

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली**




बीते कुछ समय से बहुजन समाज पार्टी के लगातार गिरते सियासी ग्राफ को लेकर पार्टी ने नई रणनीतियां बनानी शुरू कर दी हैं। इन रणनीतियों के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने खुद को आयरन लेडी बताने से लेकर सम्राट अशोक के मजबूत शासन काल तक का जिक्र किया है। यही नहीं, मायावती ने जातिगत समीकरणों में एक बार फिर से सोशल इंजीनियरिंग का जिक्र करते हुए ब्राह्मणों के उत्थान की बात सिर्फ बसपा के शासनकाल में होने की बात कही है। दरअसल आने वाले विधानसभा के उपचुनाव और 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए बसपा ने अपने कार्यकर्ताओं और सदस्यों में 59 पेज की एक बुकलेट छपवाकर बटवानी शुरू की है। जिसमें उन्होंने कई सियासी खुलासे भी किए हैं। बीते कुछ चुनावों में जिस तरह से बसपा का ग्राफ नीचे गिरा है उसको लेकर पार्टी लगातार चिंतित है। इसी साल हुए लोकसभा के चुनावों में जो नतीजे आए हैं उससे तो पार्टी को अपनी पूरी सियासी रणनीति बदलने को मजबूर होना पड़ा है। इसी कड़ी में पार्टी ने अब तय किया था कि बसपा अपने पुराने वाले स्वरूप में वापिस आएगी। बसपा की ओर से तय योजना के मुताबिक उनकी सरकार के दौरान किए गए काम को एक बुकलेट के माध्यम से तैयार किया गया है। फिलहाल अब इन बुकलेट को लाखों की संख्या में छपवा कर घर घर भेजना शुरू किया जा चुका है। इस बुकलेट में मायावती ने दलितों के लिए शुरू हुए बसपा आंदोलन के प्रत्येक कार्य का जिक्र किया है। अपनी इस बुकलेट में मायावती ने सपा कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा है। बहुजन समाज पार्टी के नेता और बुंदेलखंड क्षेत्र के पूर्व उप प्रभारी रहे चंद्रकुमार कहते हैं कि इस बुकलेट को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा जा रहा है। ताकि बसपा के आंदोलन के बारे में उनके पुराने साथियों और युवाओं को पता चल सके। मायावती ने अपनी इस 59 पेज की बुकलेट में राहुल गांधी के जूता मरम्मत वाले एक दुकानदार के यहां रुकने को भी राजनीति करार देकर निशाना साधा है। उन्होंने अपने दलित समुदाय को इस पूरे घटनाक्रम के साथ कहा कि सिर्फ एक जाति विशेष के लोग अपने जन्म के आधार पर ही जूता बनाने और मरम्मत का काम क्यों करें। उन्होंने इस बुकलेट में ब्राह्मणों के लिए भी बड़ी बात कहते हुए उनको अपने सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया है। मायावती ने इस बुकलेट के माध्यम से सपा कांग्रेस और भाजपा में ब्राह्मण के किसी भी तरीके के उत्थान न होने की बात कही है। बहुजन समाज पार्टी ने अपनी सियासी रणनीति के मुताबिक एक बार फिर से ब्राह्मणों पर मजबूती से दांव लगाने के लिए बुकलेट का सहारा लिया है। मायावती ने इस बुकलेट के माध्यम से समाजवादी पार्टी और बसपा के गठबंधन टूटने की कई वजहों का भी खुलासा किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने उनका और उनके नेताओं का फोन तक उठाना बंद कर दिया था। वह बुकलेट के माध्यम से अपने समाज के लोगों को एक संदेश देने की कोशिश करती है कि पार्टी ने स्वाभिमान के चलते समाजवादी पार्टी से अलग होने का फैसला लिया था। हालांकि मायावती के इस आरोप पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी खंडन करते हैं। उनका कहना है कि उनके नेता अखिलेश यादव गठबंधन का धर्म बहुत अच्छे से निभाते हैं।

## भोपाल में स्कूली छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने पर बवाल, हिंदू संगठनों में भड़का आक्रोश, बैरसिया थाने का किया घेराव



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा भोपाल**

भोपाल के बैरसिया इलाके में छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने और बात करने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसी बीच इस घटना के विरोध में हिंदू संगठनों ने विरोध दर्ज कराते हुए बैरसिया थाने का घेराव किया और शेष आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बैरसिया थाना क्षेत्र में कुछ छात्राओं को युवक अश्लील मैसेज भेज रहे थे। यही नहीं, कई दिनों से अश्लील मैसेज भेजने के बाद वे छात्राओं पर इस बात का दबाव भी बना रहे थे कि वे बात करें। छात्राओं के मना करने पर आरोपियों ने धमकी दी कि अश्लील वीडियो में काट छांट (मॉर्फ) करके ये वीडियो इंटरनेट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इस पर छात्राओं ने बैरसिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। छात्राओं की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इस घटना के एक आरोपी अरमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी बीच छानबीन में यह जानकारी लगी कि अरमान के दो अन्य साथी भी अन्य दो छात्राओं के साथ इसी तरह की हरकत कर दबाव बना रहे थे। इस घटना पर हिंदू संगठनों ने रोष व्यक्त किया है। साथ ही बैरसिया थाने का घेराव किया और विरोध जताते हुए बचे हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैरसिया में हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए।इसी बीच मामले को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और हिंदू संगठनों को समझाइश दी। एसपी प्रमोद कुमार सिन्हा भी मौके पर पहुंचे। बैरसिया थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी 10 वीं की छात्रा है। इसी क्षेत्र में रहने वाला युवक अरमान मंसूरी छात्रा को सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील मैसेज भेज रहा था। साथ ही किशोरी के लिए अशोभनीय कमेंट्स करे हुए जबरन बात करने के लिए दबाव बनाता था। छात्रा द्व्रारा मना करने पर वह इस बात की धमकी देता था कि अश्लील वीडियो को मार्फ करके वह वायरल कर देगा। इस घटना से परेशान होकर छात्रा ने घटना की पूरी जानकारी अपने परिवार के लोगों को बताई। इस पर परिवार के लोग बेटी के साथ थाने पहुंचे। पुलिस ने शिकायत पर 24 साल के अरमान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया।

## मंगेश को घर से उठाकर हत्या की गई, भाजपा ने प्रदेश को फेक एनकाउंटर की राजधानी बना दियाः अखिलेश



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं। अभी तक एनकाउंटर में सबसे ज्यादा पीडीए के लोग मारे गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अयोध्या में जमीनों की लूट की है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गरीबों की जमीन सस्ते दामों पर ली और फिर सर्किल रेट बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिमाग लगता है। जब हमारी सरकार आएगी तो अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाएंगे। गरीबों को अगर सर्किल रेट बढ़ाकर दाम देना पड़ेगा तो देंगे। समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा नेता पवन पांडेय ने अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी है। भाजपा नेताओं ने अयोध्या में सेना की जमीन कब्जा ली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीन कब्जाने का काम भाजपा नेता, सरकार और अधिकारी मिलकर कर रहे हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि विकास की परियोजनाओं के बहाने गरीबों की जमीन को लूटा जा रहा है। कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने रजिस्ट्री के कागज मीडिया में भी दिखाए और अखिलेश यादव को सौंपे। यूपी विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने योगी सरकार पर फर्जी एनकाउंटर करवाने के आरोप लगाए। कहा कि कुछ लोगों को पकड़कर हाथ-पांव बांध दिए जाते हैं और गोली मारकर घायल कर दिया जाता है। इस तरह एनकाउंटर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं बढ़ रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संदीप कुमार के लिए कसाणा प्रिंटिंग प्रेस, नियर बस स्टैंड भिण्डुसी, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301405, से मुद्रित तथा 109, धर्मशाला के पास, वीपीओ- हींगवाहेड़ा, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301411 से प्रकाशित। संपादक, संदीप कुमार Mob- 9414508610 E-mail:- pratigya.alwar@gmail.com पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र अलवर होगा